हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 3 सितंबर 2025



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

# तेज रफ्तार ट्रक ने दो साल के मासूम को रौंदा, मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


तेज रफ्तार ट्रक के संचालक की लापरवाही के चलते एक मासूम की मौत का मामला सामने आया है। जिले के दीवानभेड़ी इलाके में स्थित एक राईस मिल के ट्रक ने घर के सामने खेल रहे दो वर्षीय युवक को जोरदार टक्कर मारी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने तीन घंटे तक चक्काजाम भी कर दिया था। ग्रामीण कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर लगभग सवा 12 बजे दीवानभेड़ी निवासी 2 वर्षीय प्रांजल साहू पिता शरद साहू खेलते-खेलते घर से बाहर सड़क पर आ गया था। इसी दौरान गांव में ही संचालित कांकरिया राईस मिल की ट्रक क्रमांक सीजी-08-एल-1686 के चालक ने तेज और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते मासूम प्रांजल साहू को रौंद दिया। घटना में प्रांजल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने रोड पर लगभग तीन घंटे तक चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। घटना की जानकारी मिलते ही तुमड़ीबोड़ चौकी पुलिस, डोंगरगांव एसडीएम व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने राईस मिल प्रबंधन पर मनमानी करते अपने वाहनों को गांव में तेज गति से चलाने का आरोप लगाया।

## आक्रोशित भीड़ ने विरोध में किया तीन घंटे तक चक्काजाम, कार्रवाई की मांग

### मुआवजा और कार्रवाई की मांग

चक्काजाम में शामिल ग्रामीण इस दौरान मृतक बच्चे के परिजनों को उचित मुआवजा देने व आरोपी ट्रक चालक के अलावा राईस मिल प्रबंधन के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग कर रहे थे। अधिकारियों की समझाइश बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। फिलहाल पुलिस आरोपी ट्रक चालक एवन साहू के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।





### लगातार हो रहे हादसे

जिले में पिछले दो महिने के भीतर ही सड़क हादसे में दस से अधिक लोगों की मौत हो चुकीं है। अधिकांश मामले में तेज रफ्तार वाहन चलाने के कारण एवं हेलमेट नहीं पहनने के कारण मौत के मामले सामने आए है। वहीं एनएच में हादसो की संख्या में तेजी से इजाफा देखने को मिला है। गांव की सड़कों में पर्याप्त ब्रेकर नहीं होना भी हादसों की वजह बन रहा है।

## खबर संक्षेप

### गणेशोत्सव,शहर में ड्राई रन अभ्यास

**राजनांदगांव।** श्रीगणेश महोत्सव सहित आगामी दिनों में लगातार त्योहारों के क्रम के मद्देनजर शहर में कानून एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस ने ड्राई रन अभ्यास किया।

ज्ञात हो कि इन दिनों संस्कारधानी में श्रीगणेशोत्सव की धूम है। आगामी दिनों में अन्य त्योहारों का भी क्रम बना हुआ है। विशेषकर श्रीगणेश विसर्जन झांकी के मद्देनजर 2 सितंबर को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में ड्राई रन का अभ्यास किया गया।

शहर में कानून एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार खेस की उपस्थिति में शहर के गुरूद्वारा चौक से प्रारंभ होकर मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, भारत माता, तिरंगा चौक, गंज लाइन, गंज चौक, कुंआ चौक मार्ग में एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड, क्रेन एवं यातायात पेट्रोलिंग का ड्राई रन अभ्यास कराया गया।

### नीलू आज से विदेश प्रवास पर

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड एवं इंडियन रेलवे केटरिंग एवं टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ पर्यटन के अंतर्राष्ट्रीय प्रचार-प्रसार एवं छत्तीसगढ़ में पर्यटन एवं हॉस्पिटलिटी क्षेत्र के विकास की संभावनाओं के उद्देश्य से संयुक्त रूप से कल 3 से 6 सितंबर तक दक्षिण पूर्व एशिया में स्थित देश वियतनाम हो चि मिन्ह में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन प्रमोशनल इवेंट 19वां इंटरनेशनल ट्रैव्हल एक्सपो 2025 में सहभागिता की जा रही है। यह सहभागिता अध्यक्ष नीलू शर्मा छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की अध्यक्षता एवं अगुवाई में की जा रही है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा अपने रजिस्टर्ड टूर ऑपरेटर्स को भी सहभागिता का अवसर पर प्रदान किया जा रहा है। इस सहभागिता से छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड एवं टूर आपरेटर्स को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पर्यटकों एवं टूर ऑपरेटर्स से बिजनेस टू बिजनेस मीटिंग कर छत्तीसगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के वृद्धि हेतु प्रयास का अवसर प्राप्त होगा। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की यह सहभागिता छत्तीसगढ़ में विदेशी पर्यटकों में वृद्धि हेतु सहायक होगा।



### माय एंगल



## लाखों की गड़बड़ियों में जुर्माने की खानापूर्ति


# लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों पर शिकंजा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिथ्या छाप, अमानक और असुरक्षित खाद्य पदार्थों पर समय-समय पर कार्रवाई की जाती है। जिसमें जांच में कई मामलों में गड़बड़ी पाए जाने पर प्रकरण भी बनाया जाता है, लेकिन इन प्रकरणों पर जुर्माना कम लगाए जाने के चलते लाखों की कमाई करने वाले महज 10-20 हजार का जुर्माना भर रहे हैं।

मिलावट के दौर में बेहतर खानपान नहीं मिलने की वजह से इसका असर लोगों की सेहत पर पड़ता है। जिसके लिए खाद्य सुरक्षा विभाग समय-समय पर खाद्य पदार्थों की जांच करता है, ताकि लोगों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। खाद्य सामग्री निर्माता को सामग्री के संबंध में पूरी जानकारी ग्राहकों को देनी है, लेकिन ऐसा धरातल पर दिखाई नहीं देता है। मिठाई से लेकर नमकीन और पानी पाउच तक खाद्य सामग्रियों में अक्सर गुणवत्ता खराब मिलती है। शुद्ध घी के नाम पर डालडे का मिलावट, पनीर, दूध, खोवा, दही हर जगह मिलावट है, पर कार्रवाई महज खानापूर्ति दिखाई देती है।

## त्योहारों के पहले सैम्पल, महीनों बाद आ रही रिपोर्ट



### न्यायालय में 35 प्रकरण

वर्ष 2023 से अब तक खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा 200 से अधिक मामलों में कार्रवाई करते सैंपल लिए गए हैं। जिसमें से 35 प्रकरण बनाए गए हैं। इसमें बगैर लाइसेंस, अमानक सहित अन्य मामले हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन धुव ने बताया कि सीताराम फुड, आशिक की पान मसाला, राहुल स्वीट्स, महाराजा ढाबा, आपका ढाबा, समीर अंसारी, मजहर खान, स्वागतम होटल पर जुर्माने की कार्रवाई हुई है।

### दही के सैंपल हुए थे फेल

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की जांच के लिए सैंपल बाहर भेजे जाते हैं। जिसमें कई बार मिथ्या छाप और अमानक जैसे मामले सामने आते हैं। बीते दिनों शहर में ही दही के सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। जिसमें वह अमानक पाया गया था। इसमें शहर के कई नामचीन दुकान भी थी। जिसकी दही का सैंपल फेल हो गया था। विभाग द्वारा कर्रवाई तो की गई, मगर जुर्माना नाममात्र हुआ।

### 5 लाख तक जुर्माने का प्रावधान

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बनाए गए प्रकरण एडीएम न्यायालय में पेश होते हैं। बताया जा रहा है कि अमानक में 5 लाख, मिथ्या छाप में 3 लाख और बिना पंजीयन अनुज्ञप्ति में 10 लाख रुपए तक जुर्माने का प्रावधान है, लेकिन इन मामलों में औसत जुर्माना महज 5 से 10 हजार रुपए तक ही हो रहा है। महज 2-3 प्रकरण में ही 50 हजार रुपए तक का जुर्माना हुआ है और 50000 से अधिक एक भी फाइन नहीं हुई है। लगभग 30 प्रकरण में अब तक महज 2 लाख 81 हजार रुपए का ही अर्थदंड हुआ है।

### तीन स्तर पर होती है जांच

खाद्य जांच का तीन स्तर होता है। जिसमें पहले मिथ्या छाप होता है। जिसमें संबंधित निर्माता द्वारा खाद्य सामग्री में उपयोग किए जाने वाले सामग्रियों को लेकर गलत जानकारी दी जाती है या फिर जानकारी छुपाई जाती है। वहीं अमानक में खाद्य की खराब गुणवत्ता और अनसेफ में स्वास्थ्य के लिए खराब जैसे गुटखा-पाउच वगैरा आते हैं। इन सभी मामलों में कार्रवाई होती है और प्रकरण बनाए जाते हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में 20 अमानक, 3 मिथ्या छाप, 7 बिना अनुज्ञप्ति पंजीयन के मामले हैं। वहीं पांच अन्य मामले न्यायालय में लंबित हैं।

# कुल्हाड़ी से वार कर पति ने की पत्नी की हत्या

## आरोपी पुलिस हिरासत में



- पिनकापार में सुबह 5 बजे हुई निर्मम हत्या

**मोहला।** अंबागढ़ चौकी थाना अंतर्गत ग्राम पिनकापार (कौड़टोला) में मंगलवार सुबह 5 बजे के लगभग घरेलू विवाद ने एक बड़ी वारदात का रूप ले लिया। यहां रहने वाली 30 वर्षीय दामिनी साहू की जघन्य हत्या उसके ही पति देवेंद्र कुमार साहू ने कर दी।

जानकारी के अनुसार देवेंद्र कुमार साहू को अपनी पत्नी दामिनी पर चरित्र संदेह था। इसी शक के चलते मंगलवार सुबह 5 से 5.30 बजे के लगभग उसने घर में रखे कुल्हाड़ी से पत्नी पर हमला कर दिया। गंभीर चोंट लगने से दामिनी की मौके पर ही मौत हो गई। हो-हल्ला के बाद गांव से 112 पुलिस टीम को फोन पर सूचना दी गई।

### गांव में सन्नाटा

घटना की जानकारी मिलते ही अंबागढ़ चौकी पुलिस दल मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी पति पत्नी को जान से मारने के बाद गांव में छुप गया था, जिसे थाना प्रभारी अश्वनी राठौर के निर्देश में पुलिस टीम ने हिरासत में ले लिया है। मृतिका के दो बच्चे हैं एक लड़का व एक लड़की। गांव में वारदात के बाद सन्नाटा पसरा हुआ है।

### जांच जारी

पत्नी के ऊपर शंका करता था। जिसके कारण आरोपी ने अपनी पत्नी को मार डाला। आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

**- अश्वनी राठौर,**
थाना प्रभारी, अंबागढ़ चौकी

फार्म हाउस संचालक पर लापरवाही का आरोप

# जहरीला टमाटर खाने से 12 मवेशियों की मौत, 15 बीमार

## घटना के बाद ग्रामीणों में जमकर आक्रोश, पशु चिकित्सा की टीम पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के विकासखंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम बिटाल में सोमवार को दर्दनाक हादसा सामने आया है। जहरीला टमाटर खाने से गांव के 12 मवेशियों की तड़प-तड़प कर मौत हो गई। जबकि 15 से अधिक मवेशी गंभीर रूप से बीमार हो गए हैं।



जानकारी के मुताबिक ग्राम बिटाल स्थित एक फार्म हाउस में टमाटर की खेती की गई है। फार्म हाउस संचालक ने खराब और सड़े-गले टमाटरों को तोड़कर फेंसिंग के बाहर फेंक दिया। चराई के दौरान गांव के मवेशियों ने इन टमाटरों को खा लिया। जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। कुछ ही देर में एक के बाद एक 12 मवेशियों ने दम तोड़ दिया।

घटना से पूरे गांव में आक्रोश फैल गया है। ग्रामीणों का कहना है कि फार्म हाउस संचालक की लापरवाही से निर्दोष मवेशियों की जान गई है। उन्होंने इसकी शिकायत अंबागढ़ चौकी थाना में दर्ज कराई है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उधर पशु चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंची है और बीमार मवेशियों का इलाज किया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने मजबूर होंगे।

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 •89595-44444


पुण्य स्मरण
याद करते हैं जब भी आपको, यादों से दिल भर जाता है
कर्मों की पूजा की और किया कर्तव्यों का अभिनंदन
परिश्रम को ध्येय बनाता और खिलाया हमारा चमन
साथ बैठा करते थे सब, आज देखने को दिल तरस जाता है


- जन्म -
15 अगस्त 1965
- निर्वाण -
03 सितंबर 2013
स्व. श्रीमती किरण मेश्राम
आज 12वीं पुण्यतिथि पर आपको शत्-शत् नमन्
विनीत -ईश्वरदास मेश्राम, श्रेय सरिता मेश्राम, श्रेष्ठ मेश्राम
कविता-विवेक वासनिक, राजनांदगांव

**विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धितायं। नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते॥**


गौरा चौंक मचानपार


गौरा गौरी गणेश उत्सव समिति कन्याडबरी


नव युवा नंदी गणेश उत्सव समिति ग्राम कन्याडबरी


युवा गणेश उत्सव समिति गांधी चौक कन्याडबरी


आईडीबीआई बैंक शाखा राजनांदगांव


राजन गणेशोत्सव समिति, भगत सिंह चौक

### धरना स्थल पर किया हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

# मांगों को लेकर एनएचएम संघ का धरना सोलहवें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सालों से लंबित दस सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत प्रदेश मे कार्यरत एनएचएम कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल लगातार सोलहवें दिन भी जारी है। अंबेडकर चौक मे धरने पर काबिज संघ सदस्य विभिन्न क्रिया कलापो के माध्यम से सरकार तक अपनी मांग पहुँचाने प्रयासरत है।

मंगलवार को धरना स्थल पर उन्होंने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। प्रांतीय आव्हान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल मे काबिज संघ पदाधिकारियों ने बताया कि संघ बीते बीस सालों से प्रदेश के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्षरत है। कई राज्यों में एनएचएम कर्मियों को ग्रेड पे, समान काम समान वेतन, जॉब सुरक्षा, अनुकंपा, मेडिकल बीमा, चिकित्सा अवकाश जैसी आवश्यक सुविधाएं मिलने लगी है लेकिन प्रदेश में ऐसा सकारात्मक बदलाव आज पर्यन्त नहीं किया गया जिससे कर्मचारियों की सामाजिक आर्थिक दशा बेहतर हो सके। वर्तमान सरकार के चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारन्टी के तहत उक्त समस्याओं के समाधान का वादा भी किया है लेकिन दो साल होने को सरकार इस दिशा मे गंभीर नही है।

संघ ने एनएचएम के अनुभवी संविदा कर्मियों के सेवाकाल व कार्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए अन्य राज्यों की तर्ज पर संविलियन और स्थायीकरण करने की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश मे जैसे शिक्षा विभाग में कार्यरत हजारों शिक्षाकर्मियों का शिक्षा विभाग में संविलियन किया गया है उसी तरह उन्हे भी इसका लाभ दिया जाए। इस दौरान संघ के बृजेश ताम्रकार, आकाश तंबोली, अभिषेक शर्मा, मोहन साहू, डॉ आकाश कन्नौजे, संदीप क्षीरसागर, मनमोहन जंघेल, डॉ नेहा साहू, खेमराज साहू, विवेक मेश्राम, सुरेश सहारे, नीतू शर्मा, भारती निर्मलकर डॉ अनुराधा वर्मा, हेमंत साहू सहित दोनो ब्लाक के सौ के आसपास संघ सदस्य मौजूद थे।



### भर्ती में पचास फीसदी आरक्षण और अनुकंपा की मांग

पृथक पब्लिक हेल्थ कैडर का गठन कर क्लिनिकल व मैनेजमेंट कैडर के एनएचएम कर्मचारियों को समायोजित करने, पद, योग्यता व कार्य अनुभव के अनुसार समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति लागू कर ग्रेड पे निर्धारित करने, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता बरतने, जुलाई 23 को संविदा कर्मचारियों के लिए घोषित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ देने, स्थायीकरण के लिए नीति बनने तक स्वास्थ्य विभाग में हो रही नियमित भर्तियों में एनएचएम कर्मचारियों के लिए मध्य प्रदेश की तरह 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने, सेवा काल के दौरान दिवंगत कर्मियों के परिजनों को मानवीय आधार पर अनुकंपा नियुक्ति की सुविधा देने, नियमित कर्मियों के समकक्ष सवैतनिक चिकित्सा अवकाश, संतान पालन अवकाश, अर्जित अवकाश जैसी सुविधाएं प्रदान करने, चिकित्सकीय आवश्यकता, पारिवारिक दायित्व, पति-पत्नी प्रकरण को ध्यान में रखते हुए पारदर्शी और मानवीय स्थानांतरण नीति बनाने के अलावा न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेश चिकित्सा बीमा सुविधा देने की मांग की है।

# पदाधिकारियों का दल अयोध्या रवाना

- विभिन्न तीर्थ स्थलों का करेगा भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



दुबेलिया तेली साहू समाज ब्लॉक छुईखदान, व्यापारी प्रकोष्ठ, कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 55 सदस्यों का जत्था भगवान श्री रामलला जन्मभूमि अयोध्या, बनारस, प्रयागराज के दशर्न के लिए सोमवार को रवाना हुआ। छह दिनों की यात्रा के दौरान यह दल भेड़ाघाट, जबलपुर, मैंहर, चित्रकूट, कांशी विश्वनाथ, प्रयागराज, अयोध्या जाएगा। दल को साहू समाज के केंद्रीय अध्यक्ष शिवकुमार साहू के नेतृत्व में रवाना किया गया।

दल में केंद्रीय अध्यक्ष शिवकुमार साहू, बृजलाल साहू, सीआर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष सत्यपाल साहू, मनीष साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष कुशाल साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ सदस्य आत्माराम साहू, सतीश साहू, राजेश साहू, पुरन साहू, लच्छीराम साहू, दुजराम साहू, मनोज साहू, संजय साहू, अनिल साहू, शत्रुहन साहू, शिवलाल साहू, मनसुख साहू, रवि साहू, राजेश साहू, मेहतरुराम साहू, भोलाराम साहू, डेरहा राम साहू, नंदू साहू, घसिया राम साहू, त्रिलोक साहू, मकुंद साहू, हेमंत साहू, रूपचंद साहू, सुनील साहू, दुर्गेश साहू, दुष्यंत साहू, कुमलाल साहू, यशवंत साहू, आनंदराम साहू, दुवासु राम साहू, भारत साहू, धनीराम साहू, रमतुराम साहू, नंदकुमार साहू, अनन्द राम साहू, नारद साहू, जीवन राम, रामु साहू, संतोष साहू, दिलीप साहू, रमेश साहू, रोहित साहू, विष्णु साहू, मंगलराम साहू आदि शामिल हैं।

## तीन आरोपियों से 15 हजार की शराब जब्त

**खड़गांव।** हरिभूमि में अवैध शराब बिक्री की खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों के ठिकानों से 31.900 बल्क लीटर शराब जब्त किया। जब्त शराब करीब 15 हजार है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशनख एएसपी डीसी पटेल, एसडीओपी प्रशांत कुमार सिंह पैकरा के मार्गदर्शन पर खड़गांव थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने छापामार कार्रवाई किया। खडगांव पुलिस और सायबर टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए खडगांव, खरदी में रेड कार्यवाही किया। खड़गांव के संजू कुमार गायडे पिता स्व नरपत गावडे के घर से प्लेन मदिरा 4.680 बल्क लीटर जप्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम खरदी के गौरव राजपूत पिता राजू सिंह राजपूत के घर से देशी विदेशी शराब 22.800 बल्क लीटर बरामद किया गया। खरदी के यशवंत राजपूत पिता भुनेश्वर राजपूत के घर से देशी विदेशी शराब 4.620 बल्क लीटर जप्त किया गया।



## आज निकलेगा कृष्ण का डोला

**डोंगरगढ़।** श्री जमात मंडी ट्रस्ट समिति द्वारा डोल ग्यारस के अवसर पर कल 3 सितंबर को शाम 4 बजे भगवान कृष्ण का डोला का शोभायात्रा निकाला जाएगा। डोला जमात मंदिर से प्रस्थान कर महावीर मंदिर तालाब पहुंचेगी। तत्पश्चात भगवान को जल विहार, नौका विहार कर आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति ने सभी से भगवान की शोभायात्रा में शामिल होने का आव्हान किया है।

## डांस प्रतियोगिता आज

**चारभांठा।** गणपति उत्सव समिति चारभांठा के तत्वावधान में कल 3 सितंबर को रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। सामूहिक नृत्य में क्रमशः 3001, 2001, 1501, 1001, 501, युगल नृत्य में क्रमशः 2001, 1501, 1001, 701, 301, एकल नृत्य में क्रमशः 1501, 1001, 701, 501, 301 दिया जाएगा।

# तीज मिलन समारोह का आयोजन



**लाल बहादुर नगर।** छत्तीसगढ़ सिन्हा कलार समाज महिला मंच ने तीज मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें हजारों महिलाओं ने हिस्सा लिया। बहुउद्देशीय भवन में आयोजित तीज मिलन समारोह में अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, प्रदेश अध्यक्ष महिला मंच की प्रमिला सिन्हा, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, जिपं सदस्य शीला सिन्हा, प्रशांत कोड़ापे, मनोज कांडे, राजकुमारी सिन्हा, लता सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू सहित पार्षद शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ देव पूजन से हुआ। इस दौरान कुर्सी दौड़, मटका फोड़, मोमबत्ती जलाना, गीत-संगीत आदि का आयोजन किया गया। तीज क्वीन प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर पवन सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा, ठाकुरराम सिन्हा, शिवशंकर डड़सेना, निर्मला सिन्हा, दीपक सिन्हा, रिखीराम सिन्हा, डॉ बिसंभर सिन्हा, चंद्रिका डड़सेना, एकनाथ सिन्हा, किरण सिन्हा, त्रिवेणी सिन्हा, गंगाराम सिन्हा, पूनम सिन्हा, हंसा सिन्हा, अनिता सिन्हा, उषा सिन्हा, लुकेश सिन्हा, टीकम सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, अनिता दागेन्द्र सिन्हा, धनेश्वरी जनक सिन्हा, तिलेश्वरी गिरधारी सिन्हा आदि शामिल हुए।

# टटेंगा स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती सप्ताह अंतर्गत स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पुस्तकों का शुद्धता, स्पष्टता और शीघ्रता से वाचन किया गया। इसी क्रम में व्यवसायिक कौशल विकास और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में भगत, शास्त्री, पटेल और सुभाष सदनों ने भाग लिया। शास्त्री सदन के मयंक, जयकुमार, युगल ने सर्वाधिक प्रश्नों के उत्तर देते हुए प्रथम एवं भगत सदन के रुशम, कुसुम सिन्हा और तोजेश्वरी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कोरर व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी और रवि देवांगन थे। तृतीय दिवस विद्यार्थियों ने अपने गांव का इतिहास लेखन किया। सभी कार्यक्रम प्राचार्य आरके देवांगन की अध्यक्षता में आयोजित किए गए। संचालन अजय पाठक ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, भागवत साहू, वेदप्रकाश साहू, महेश रावटे, बिंदु साहू, बिंदु पटेल आदि मौजूद थे।

# स्वयंसेवकों ने बच्चों को किया जागरूक

- पोषण आहार और स्वच्छता की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



स्थानीय डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एके धमगाये के मार्गदर्शन तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आशाराम साहू एवं प्रियांकी गजभिए के निर्देशन में 2 सितंबर को पोषण आहार जागरूकता सप्ताह अंतर्गत स्वयंसेवकों ने शहर में संचालित आंगनबाड़ी, माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला बगदई और आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को भोजन और स्वच्छता से जुड़ी जानकारी दी। इस मौके पर हाथ धोने के छह तरीकों के बारे प्रेक्टिकल जानकारी दी गई। स्वयंसेवक सत्यम वैष्णव, महेंद्र मंडावी और यशवंत साहू ने शिक्षकों से मिलकर सफाई, पोषण आहार के संबंध में चर्चा की और बच्चों को जागरूक किया। स्वयं सेवक डोमेश्वरी, पलक, रेशमी ने छात्राओं को गुडटच - बैडटच के बारे में बताया। दुकान से पैकेट बंद मिलने वाले खाद्य पदार्थों से दूर रहने और विटामिन युक्त भोजन करने की सलाह दी।

## सार समाचार

### शिक्षक कल्याण संघ के पदाधिकारी मिले मंत्री से

**डोंगरगांव।** शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु शर्मा, प्रदेश महामंत्री मुकुंद केशव उपाध्याय आदि ने गत दिनों ने दो सूत्रीय मांग को लेकर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मिलकर ज्ञापन सौंपा। प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने मंत्री को बताया कि पुरस्कृत शिक्षकों की सेवानिवृत्ति 62 वर्ष के स्थान पर 65 वर्ष किया जाए, पुरस्कृत शिक्षकों को आउट ऑफ टर्न पदोन्नति दिया जाए। प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश में इस प्रकार की सुविधा बहुत पहले से लागू है। छत्तीसगढ़ में भी यह लाभ दिया जाता है तो इसमे किसी प्रकार का वित्तीय भार नहीं आएगा।



### सट्टा लिखते एक आरोपी पकड़ाया

**टाटेकसा।** बागनदी थाना प्रभारी विजय मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने एक सितंबर को सड़क चिरचारी के बस स्टैंड के पास स्थित आरती होटल में आरोपी संतोष मंडावी पिता स्व. जगन्नाथ मंडावी, निवासी घोरतलाब (अ) को सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 2 नग सट्टा पट्टी, 1 नग डॉट पेन एवं 1 नग मोबाइल, नगदी 1700 रूपए जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 6 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### स्थानांतरित शिक्षकों को विदाई, नए का स्वागत




**जेवरतला रोड।** संकुल केन्द्र चेन्दरीबन नवागांव में संकुल स्तरीय विदाई एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। युक्तियुक्तकरण के तहत स्थानांतरित शिक्षक योगेश्वर सिंह ठाकुर, नीलम साहू को विदाई दी गई। वहीं आगंतुक शिक्षक अवधराम पटेल, बसंत साहू, चैनसिंह साहू, रवि मारकंडेय, तुलसा लोन्हारे का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि योगेश्वर ठाकुर थे। अध्यक्षता पी कन्नौजे ने की।

विशिष्ट अतिथि हेमलता पटेल, बालाराम करसेल एवं समस्त आगंतुक शिक्षक थे।स शुभारंभ और स्वागत के बाद योगेश्वर ठाकुर और नीलम साहू को स्मृति चिन्ह, श्रीफल, डायरी पेन एवं नव आगंतुक शिक्षकों को पेन डायरी भेंट करके स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर दुष्यंत साहू, कोमलचंद, प्रवीण ठाकुर, चन्द्रभूषण साहू, शीतल साहू, राजकुमार साहू, निशा नेताम, पूर्णिमा साहू, रंजना पंचभावे, सन्नी देवांगन, चेतन साहू, भूपेन्द्र साहू आदि उपस्थित थे। संचालन चन्द्रभूषण साहू एवं आभार ज्ञापित प्रवीण ठाकुर ने किया।

### डीपेश का चयन नवोदय के लिए

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला टटेंगा के छात्र डीपेश कुमार पिता खोबलाल का चयन नवोदय विद्यालय दुधली की कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए हुआ है। उसकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानपाठक लिखनराम सर्पा, डीके मोहनमाला, गायत्री देवांगन, खोमिन साहू, लिकेश्वरी भंडारी, संजय साहू ने बधाई दी है।



### पशु मालिकों पर कार्रवाई का निर्णय

**घुमका।** नगर पंचायत परिसर में किसानी समिति, देवरीडीह शीतला मंदिर समिति की बैठक डिलेश्वर वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में फ़सल सुरक्षा, घुमन्तु पशुओं के लिए गौठान में समुचित प्रबंध पर चर्चा की गईं। घुमन्तु पशुओं की पहचान कर मवेशी मालिक के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही का निर्णय लिया गया। बैठक में देवरीडीह में क्वाँर नवरात्रि पर ज्योति कलश स्थापना, बस स्टेण्ड में मां दुर्गा मूर्ति स्थापित करने का फैसला लिया गया। दशहरा के मौके पर रामलीला और आतिशबाजी के साथ रावण पुतले का दहन करने का फैसला लिया गया। बैठक में नोहेन्द्र सिन्हा, जयकुमार वर्मा, राजेंद्र वर्मा, दिलीपसिंह चंदेल, पीयूष दुबे, खेमचंद, दीपक वर्मा, शैलेंद्र वर्मा, फागु यादव, गंगेश्वर वर्मा, राकेश वर्मा, दिलीप पटेल, नूनकरण वर्मा, रामनाथ वर्मा एवं अन्य शामिल हुए।

### वार्ड का नाम बदलने की मांग

**घुमका।** देवरीडीह वार्ड 5 का नाम देवरीडीह भांठापारा रखने की मांग को लेकर पिताम्बर निषाद के नेतृत्व में सीएमओ को ज्ञापन सौंपा गया। मंगलवार को भांठापारा वार्ड 5 का नाम संशोधित करने के लिए वार्डवासियों ने सीएमओ जीपी देवदास को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान वार्ड के घासीराम, राम साहू, गिरीश साहू, सालिक जोशी, पीताम्बर निषाद, संजय साहू, रूपनारायण साहू, अश्वनी वर्मा, गेंदलाल वर्मा, विक्की निर्मलकर, सुनील वर्मा, स्वरूप यादव, आकाश खोबरागड़े, प्रदीप वर्मा, लाला प्रजापति मौजूद थे।



### गणेश पंडालों से चोरी

**सड़क चिरचारी।** ग्राम चारभांठा एवं मोहनपुर के गणेश पंडालो से चोरी होने की घटना सामने आई है। चारभांठा में न्यू आदर्श युवा गणेश उत्सव समिति, शीतला मंदिर गणेश उत्सव समिति, गणपति बाप्पा गणेश उत्सव समिति एवं अन्य समितियों में चोरी होने की घटना हुई घटना सोमवार की रात की है। समिति के लोग रात्रि में पूजा अर्चना कर अपने घर चले गये तब चोरों ने घटना को अंजाम दिया। चोर गणेश पंडालो से बाक्स, लोटा, थाली, मोबाइल आदि चोरी कर ले गए है। ग्राम में इस प्रकार की घटना पहली बार हुई है।

## खबर संक्षेप

### सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा प्रतियोगिता आयोजित

**राजनांदगांव।** शा.उ.माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के 5 विद्यार्थी चयनित होकर विकासखंड डोंगरगांव में भाग लिए, जहां वे विकासखंड से सभी बच्चे चयनित होकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता



राजनांदगांव में भाग लिए। प्रतिभागी बच्चों में वैशाली, जैसमीन, देवकी, खिलेश्वर कुमार व रामकुमार रहे। इन सभी प्रतिभाशाली बच्चों को बधाई प्राचार्य अशीम कुमार यदु, थंगेश्वर कुमार साहू, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, सरोज भुआर्य, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहरदास लिलहारे, पालकराम वर्मा, हरिश्चंद्र यादव, आशीष मसीह, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर द्वारा दिया गया। प्रतियोगिता के प्रभारी शिक्षक नोहर दास लिल्हारे थे।

### साइंस कॉलेज में वित्तीय साक्षरता पर वेबीनार

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में 28 अगस्त को संस्था प्राचार्य के मार्गदर्शन में रोजगार प्रकोष्ठ व देल्ही बेस्ड एक्सीलेंस ग्लोबल स्किल द्वारा वित्तीय साक्षरता पर एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इस वेबीनार में मुख्य वक्ता ट्रेनर प्रदीप पांडे ने कहा कि पैसा सबसे महत्वपूर्ण है और उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है, उसे



उपयोग करने की समझ है। उन्होंने कहा कि आज समय की मांग है कि हमें वित्तीय प्राथमिकताओं की समझ है, हमें समझना होगा कि जरूरतें, इच्छाएं और लालसाएं तीनों अलग-अलग चीजे हैं और इनमें बराबर संतुलन बनाकर रखने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि जरूरतें हमारी जीविका और भलाई के लिए आवश्यक होती है। जैसे भोजन, आवास, कपड़े, पानी और स्वास्थ्य सेवा इसके बिना जीवन संभव नहीं है, जब हमारी मुलभूत जरूरतें पूरी हो जाती है तो हम ऐसे चीजों की ओर बढ़ते हैं, जो जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाती है। जैसे मनोरंजन, यात्रा और विलासिता की वस्तुएं। इच्छाओं से आगे बढ़ने पर लालसाएं आती है। ये भावानात्मक संतुष्टि से जुड़ी होती है। ये हमेशा किफायती नहीं होती है और विवेक से न संभाली जाए तो वित्तीय असंतुलन पैदा कर सकती है। कार्यक्रम का संचालन शिवेन्द्र कुमार सहायक प्राध्यापक भौतिक शास्त्र व धन्यवाद ज्ञापन परमेश्वर वर्मा सहायक प्राध्यापक ने किया। इस अवसर पर लगभग 65 छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

### कमला कॉलेज में खेल दिवस आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नीता एस. नायर ने छात्राओं को मेजर ध्यानचंद की जीवनी एवं राष्ट्रीय खेल दिवस मनाए जाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियों




की जानकारी दी एवं खेलों को जीवन का आवश्यक अंग बताते छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में खेलों में भाग लेने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. हरप्रीत कौर गरचा ने खेल के माध्यम से व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया। क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. जयसिंग साहू ने वर्तमान परिवेश में खेल के माध्यम से उपलब्ध रोजगार के अवसर पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राहुल साहू को तीरांदाजी के क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। क्रीड़ाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर ने जानकारी दी कि उनके द्वारा प्रशिक्षित महाविद्यालय की छात्राएं प्रतिवर्ष अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग का प्रतिनिधित्व करती आ रही है। साथ ही चांदनी बीए तृतीय वर्ष, राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता तथा राष्ट्रीय बीच कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन, अंजली निषाद बीएससी अंतिम वर्ष को राष्ट्रीय पर्वतारोहण कैम्प में भागीदारी एवं संध्या नेताम टीसीएस कैम्प नई दिल्ली में भागीदारी हेतु तीनों छात्राओं को प्राचार्य द्वारा मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।

### नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल में सोलो डांस आयोजित

**राजनांदगांव।** स्थानीय बल्देवबाग स्थित नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल का सोलो डांस प्रतियोगिता का आयोजन नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में 31 अगस्त को कक्षा 1 से 5 के बच्चों के लिए हुआ। जिसमें बच्चों ने



अपना परफार्मेंस दिया। इसमें छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक डांस की प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें नए व पुराने सुप्रसिद्ध गीतों के साथ देशभक्ति एवं भजन गीतों की धुन पर आकर्षित डांस करते बच्चों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम कर शुभारंभ स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी एवं सोनल बाजपेयी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात संक्षिप्त उद्बोधन में श्री बाजपेयी ने कहा कि जीवन में नृत्य की उपयोगिता इसलिए है, क्योंकि नृत्य एक साधना है, नृत्य में एकाग्रता का जैसा स्थान है। वैसे ही जीवन में भी एकाग्रता का महत्व है। नृत्य एक कला है। वैसे ही जीवन जीना भी एक कला है। श्री वाजपेयी ने कहा कि जीवन और नृत्य एक-दूसरे के पूरक हैं। प्रतियोगिता में कक्षावार छात्रों को अलग-अलग समूहों में विभाजित कर प्रतियोगिता संपन्न कराई गई एवं उक्त डांस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान में चयनित छात्र-छात्राओं का चयन आमंत्रित सम्मानित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया।

## निधन

### राजेश कुमार साहू



**राजनांदगांव।** कोटराभांठा के पूर्व सरपंच राजेश कुमार साहू (राजू) का आकस्मिक निधन मंगलवार दोपहर को हो गया। वे मंडल साहू संघ मुड़पार सुरगी के अध्यक्ष जीवनलाल साहू के ज्येष्ठ पुत्र और स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ फार्मासिस्ट द्वारिका साहू के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार 3 सितंबर को सुबह 10 बजे कोटराभांठा (सुरगी) के मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### नगर निगम के समीप दो दिवसीय धरना प्रदर्शन शुरू

# अंडरब्रिज निर्माण और ओवरब्रिज के नवनिर्माण, कांग्रेस का धरना

## घोषणा पत्र के वादे को जल्द पूरा करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चिखली ओवरब्रिज के नवनिर्माण और स्टेशनपारा अंडरब्रिज का शीघ्र निर्माण पूर्ण किए जाने को लेकर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर निगम के समीप दो दिवसीय धरना प्रदर्शन की शुरूआत की गई है। इस प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस कमेटी ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान स्थानीय घोषणा पत्र में ओवरब्रिज निर्माण के वादे को जल्द पूरा करने मांग प्रदर्शन किया।

शहर के चिखली ओवरब्रिज में यातायात का काफी दबाव है। जिसकी वजह से बीते नवंबर-दिसंबर और जनवरी माह में लगातार कई लोगों की जान गई है। इसके बाद यहां पर अस्थाई डिवाइडर बनाया गया है। जिससे मौत का सिलसिला रूका है, लेकिन ओवरब्रिज के ऊपर यातायात का दबाव बना हुआ है। जिसकी वजह बगल में ही निर्माणाधीन अंडरब्रिज की लेटलतीफी है। कांग्रेस द्वारा ओवरब्रिज निर्माण और अंडरब्रिज का शीघ्र निर्माण पूरा करने को लेकर आयोजित इस धरना प्रदर्शन को कांग्रेस के विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित करते कहा कि इस ओवरब्रिज में लोगों की जान जा रही है। यातायात का दबाव बढ़ा है। जिससे जाम लगा रहता है।



#### आगे और उग्र होगा आंदोलन

प्रदर्शन को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने घोषणा पत्र में इस ओवरब्रिज का नवनिर्माण किए जाने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि अभी यह दो दिवसीय धरना प्रदर्शन है। ओवरब्रिज का निर्माण अगर जल्द नहीं होगा तो आगे और आंदोलन करेंगे।

#### 2 वर्ष में भी पूरा नहीं हुआ निर्माण

स्टेशनपारा अंडरब्रिज निर्माण के लिए रेलवे क्रॉसिंग को बीते 2 मार्च 2023 को बंद किया गया था और एक वर्ष के भीतर 2024 तक यहां पर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाना था, लेकिन 2 वर्ष की अवधि बीत चुकी है और अब तक इसका निर्माण पूर्ण नहीं हुआ है। जिसकी वजह से ओवरब्रिज के ऊपर से अधिक वाहनों का दबाव बना हुआ है।

#### 41 वर्षों में ओवरब्रिज जर्जर

चिखली ओवरब्रिज का निर्माण वर्ष 1984 में हुआ था। इस ओवरब्रिज को बने 41 वर्ष पूरे हो गए हैं और अब इसकी स्थिति भी जर्जर हो रही है। ओवरब्रिज में जगह-जगह गड्ढे पड़े हुए हैं। जिसकी मरम्मत भी नहीं की गई है। ऐसे में भारी वाहनों के दबाव के चलते यहां कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

#### कांग्रेस कार्यकर्ता हुए शामिल

कांग्रेस द्वारा आयोजित इस धरना प्रदर्शन के दौरान डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, शारदा तिवारी, कमलजीत सिंह पिंटू, रमेश राठौड़, इकरामुद्दीन सोलंकी, झम्मन देवांगन, हेमा देशमुख, सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, अमित चंद्रवंशी, आमीन हुड्डा, बबलू कसार, अभिमन्यु मिश्रा, बंटी यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

## नगर निगम गणेश पर्व प्रतियोगिता

**राजनांदगांव।** गत वर्ष भी नगर निगम द्वारा गणेश पर्व प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त गणेश समितियों को पुरस्कृत किया जाना है। उक्त कार्यक्रम कल 3 सितम्बर को अपरान्ह में विधानसभा अध्यक्ष निवास जीई रोड राजनांदगांव में आयोजित किया गया है, जहां विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे जी की उपस्थिति में चयनित समितियो को पुरस्कृत करेंगे।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि संस्कारधानी की परंपरानुसार गत वर्ष नगर में भव्य गणेश पर्व मनाया गया। गणेश पर्व में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा एवं विसर्जन झाकी प्रतियोगिता अ तथा ब वर्ग में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरसकार प्राप्त गणेश समितियों को पुरस्कार वितरण किया जाना है।

महापौर यादव ने बताया कि गणेश प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम कल 3 सितंबर को विधानसभाा अध्यक्ष निवास जीई रोड राजनांदगांव में अपरान्ह विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में सांसद संतोष पाण्डे सहित जन प्रतिनिधियो एवं निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया है। उन्होंने पार्षदों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है

## महिला फांसी पर झूली

**घुमका।** एक महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार देवरीडीह भाठापारा वार्ड क्रमांक 5 की निवासी तिजियाबाई 50 वर्ष ने अपने घर में गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार उक्त महिला अपने स्वास्थ्य कारणों से परेशान थी। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## चक्रधर समारोह में कलाकारों ने बटोरी तालियां

**राजनांदगांव।** प्रदेश के रायगढ़ में प्रख्यात चक्रधर संगीत समारोह में राजनांदगांव के कत्थक नृत्य के कलाकारों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। अपने शानदार नृत्य कला से कलाकारों ने नृत्य की अलग-अलग भाव-भंगिमाओं और जीवंतता का प्रस्तुतिकरण किया। मशहूर कत्थक कलाकार डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा की अगुवाई में रायगढ़ के रामलीला मैदान में 31 अगस्त को हुए कार्यक्रम में कलाकारों ने रायगढ़ और जयपुर घराना, नाव की गत, अष्टनायिका और आपरेशन सिंदूर को अपने नृत्य कला से प्रदर्शित किया। इसके साथ कत्थक की अलग-अलग विधाओं का भी शानदार प्रदर्शन किया। टीम के प्रस्तुतिकरण से कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने प्रोत्साहन स्वरूप खूब तालियां बजाई। तालियों की आवाज के बीच निर्बाध गति से कलाकारों ने अपने शानदार नृत्य कौशल से सबका मन मोह लिया। कत्थक की टीम में तुषार सिन्हा, प्रसिद्धी सिन्हा, सनिक्षा मेश्राम और शिवांशी श्रीवास्तव ने कत्थक की विविध रूप पेश किया।



## श्रुति एवं दीपाली ने भजनों में बांधा शमा

**छुईखदान।** श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में इन दिनों दशलक्षण पर्व भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। त्याग औा संयम का यह पर्व आगामी 6 सितंबर अनंत चतुर्दशी तक मनाया जाएगा। पर्व के 10 दिनों में प्रतिदिन उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन और उत्तम ब्रह्मचर्य का चिंतन और मनन किया जाता है। अंतिम दिन क्षमावाणी पर्व मनाया जाएगा। चन्द्रप्रभु भगवान के मंदिर में प्रतिदिन प्रातः अभिषेक, शांतिधारा, पूजा, दोपहर में भक्तांबर पाठ एवं रात्रि में आरती, भजन एवं शास्त्र वाचन किया जा रहा है। आयोजन में भक्ति रस भरने के लिए बालाघाट निवासी एवं खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय की छात्रा श्रुति जैन एवं नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष दीपाली जैन ने टीम के साथ सुमधुर भजनों की प्रस्तुती दिया।दिगंबर जैन समाज के सुधीर जैन, अशोक पंचरत्न, अध्यक्ष अनिल जैन एवं श्री नीरज जैन वर्षों से जिनेंद्र भगवान का अभिषेक, पूजन और शांतिधारा करते आ रहे हैं।



# हार की हताशा में कांग्रेस का निकृष्ट वार : चन्द्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



देश की राजनीति में मतभेद होना स्वाभाविक है, विचारों में टकराव भी लोकतंत्र की सुंदरता है, लेकिन जब राजनीति इतनी नीचे गिर जाए कि वह एक बेटे की स्वर्गीय माता जी का अपमान करने लगे, तब यह केवल राजनीति नहीं रह जाती, यह हमारे संस्कारों और सभ्यता पर सीधा प्रहार बन जाती है। यही काम आज कांग्रेस ने किया है।

राहुल गांधी, जो स्वयं को युवा और संवेदनशील नेता कहलाने का दावा करते हैं, उनके ही इशारे और मौन सहमति से उनके कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माताजी के प्रति अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। यह बात भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विक्रांत चंद्राकर ने कही।

उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य गलती नहीं है, यह देश की हर मां के सम्मान पर चोट है। बिहार चुनाव में आसन्न हार का भय कांग्रेस और राहुल गांधी की सोच को इस हद तक गिरा चुका है कि अब उनके पास न तो मुद्दे बचे हैं, न दृष्टि, और न ही जनसमर्थन। राहुल गांधी को यह समझ लेना चाहिए कि नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत हमला करना, उनकी माता जी का अपमान करना, वास्तव में भारत की उस जनभावना को ठेस पहुंचाना है जिसने उन्हें प्रधानमंत्री बनाया और बार-बार कांग्रेस को नकारा।

#### हम कांग्रेस पार्टी से सीधा सवाल पूछते हैं

क्या यही उनकी लोकतांत्रिक सोच है? क्या यही उनके संस्कार हैं? क्या यही वह कांग्रेस है जिसने कभी भारत को स्वतंत्रता दिलाई थी, या यह वही कांग्रेस है जिसने दशकों तक इस देश को परिवारवाद, भ्रष्टाचार और सांस्कृतिक पतन की राह पर ढकेला? भारत की जनता इस अपमान को कभी नहीं भूलेगी। बिहार ही नहीं, पूरे देश में हर गली, हर गाँव, हर शहर के लोग इस निकृष्ट राजनीति को करारा जवाब देंगे।

# सस्पेंड शिक्षक को बहाल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पखवाड़े भर पहले जिस सहायक शिक्षक की लापरवाही से पहली कक्षा में बैठने वाले बच्चे को जान से हाथ धोना पड़ा था उसी सस्पेंड सहायक शिक्षक की उसी शाला में बहाली को लेकर नचनिया के ग्रामीण जिसमें ज्यादातर महिलाएं थी स्कूली बच्चों के साथ कलेक्टारेट पहुंची लेकिन टीएल बैठक होने के कारण सीधी मुलाकात नही हो पाई और डीईओ लालजी द्विवेदी द्वारा नए सिरे से जॉच का भरोसा देने पर वापस लौट गए।

जानकारी अनुसार साल्हेवारा के नचनिया टोला मे 5 अगस्त की दोपहर दो बजे के आसपास पहली कक्षा में पढ़ने वाला मयंक धुर्वे खेलते खेलते परिसर से बाहर निकल गया उसी दौरान मेन रोड पर तेज रफ्तार वाहन गुजरी जिसकी चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के पांच दिन बाद मृतक बच्चे के पिता केजूराम धुर्वे ने 11 अगस्त को कलेक्टोरेट में आवेदन दिया जिसकी जॉच सेजेस साल्हेवारा प्राचार्य और छुईखदान बीआरसी को दी गई। जॉच दल ने ग्रामीणों व अन्य जनप्रतिनिधियों से कथन बाद दल के जॉच प्रतिवेदन में प्रपा दीपक सोनवाने व सहायक शिक्षक एलबी उकेश नरवासे की लापरवाही प्रमाणित होने पर दोनों को सस्पेंड कर बीईओ छुईखदान अटैच कर दिया गया। सस्पेंशन लेटर में विभाग ने लिखा है कि घटना की सूचना उच्च कार्यालय को नही देकर उनके द्वारा घटना को छिपाने की कोशिश की गई वही दोपहर दो बजे किसी कारणवश बच्चे के घर जाने की छुट्टी मांगने पर बिना अभिभावक के आए छोटे बच्चे को अकेले घर जाने की अनुमति देकी प्रपा ने भी लापरवाही बरती है। दोनों का आचरण कदाचार की श्रेणी मे आता है इसलिए लोकहित को देखते हुए सस्पेंशन किया जा रहा है।



#### बच्चों के साथ महिलाएं पहुंची कलेक्टोरेट

सस्पेंशन के दस दिन बाद नचनिया टोला की महिलाएं स्कूली बच्चों को यूनिफार्म पहनाए हुए सस्पेंड सहायक शिक्षक उकेश नरवासे की वापसी की मांग लेकर कलेक्टोरेट पहुँची जहॉ टीएल बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के व्यसत रहने के कारण संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र सिंह ने उनसे बात की, मांगों को सुना और डीईओ लालजी द्विवेदी को नए सिरे से ग्रामीणों का बयान लेकर नियमानुसार कारवाई करने कहा। मामले को लेकर डीईओ लालजी द्विवेदी ने बताया कि जॉच में दोनों शिक्षकों की लापरवाही सामने आने पर सस्पेंड किया गया है और अध्यापन बाधित ना हो इसके लिए करीब की शालाओं में अध्यापन करा रहे दो अतिशेष शिक्षकों को वहॉ पदांकित किया गया है। जॉच दल के सामने ग्रामीणों द्वारा शिक्षक को घटना का जिम्मेदार बताने के बाद विभाग द्वारा सस्पेंशन करने और महज दस दिन बाद उसी गॉव के ग्रामीणो द्वारा उसे बेहतर शिक्षक बताते हुए पुनः शाला में पदांकन की मांग को लेकर कलेक्टोरेट आना कही ना कही से शिक्षक की भूमिका को संदिग्ध बना रहा है।

### जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

# अजीज पब्लिक स्कूल में समूह गीत व नृत्य स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अजीज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में वंदे भारत राज्य स्तरीय देशभक्ति समूह गीत एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वधर्म समभाव की परंपरा के साथ हुआ। जिसका प्रारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रौनक जमाल उपाध्यक्ष अजीज एजुकेशनल सोसाइटी एवं फरजाना दानिश मेंटोर अजीज पब्लिक स्कूल द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।




बच्चों ने देशभक्ति गीतों और जोशीले नृत्यों के जरिये भारतीय सेना के त्याग और बलिदान का संदेश दिया। साथ ही तिरंगे का महत्व बताते आपसी एकता, भाईचारे और सौहार्द्र से रहने का प्रेरणादायी संदेश भी प्रस्तुत किया। उनकी अद्भुत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। पूरे परिसर में राष्ट्रप्रेम का माहौल छा गया। समूह गीत प्रतियोगिता में प्रथम नीरज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव व द्वितीय नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूलए बोरी राजनांदगांव एवं तृतीय स्थान वाइडनियर मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल ने प्राप्त किया। जबकि यशोदा संस्कार विद्या मंदिर राजनांदगांव को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया।

समूह नृत्य प्रतियोगिता में नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी राजनांदगांव प्रथम, नीरज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव द्वितीय तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव तृतीय स्थान पर रहे। वाडनियर मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल राजनांदगांव को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में गीत प्रतियोगिता के लिए अजीत बनर्जी, किरण साहू एवं कृति बक्शी और नृत्य प्रतियोगिता के लिए डॉ. चंदन सिंह एवं अभिषेक सोनी शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते कहा कि विद्यार्थियों ने अद्भुत उत्साह और लगन से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

#### प्रभारी शिक्षकों को सीड बॉल्स प्रदान

कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण जागरूकता को प्रोत्साहित करने लाइफ प्रोजेक्ट के अंतर्गत सभी प्रभारी शिक्षकों को सीड बॉल्स प्रदान किए गए, ताकि वे विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण और हरित पहल की दिशा में प्रेरित कर सकें। इस मौके पर डायरेक्टर तानाज अजीज एवं प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को न केवल अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, टीम भावना, पर्यावरण चेतना और राष्ट्रप्रेम की भावना को भी प्रबल करते हैं।

## नाम परिवर्तन

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं, घनश्याम आ.दुर्गा प्रसाद निवासी मकान नं. 845 वार्ड नं. 10, चिखली, राजनांदगांव शहर तह. व जिला राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूँ जो कि शपथ पूर्वक कथन करता हूँ -

मेरा आधार कार्ड क्र. 705304187671 पर मेरा नाम घनश्याम कुमार पटेल (GHANSHYAM KUMAR PATEL) पिता दुर्गाप्रसाद पटेल (DURGA PRASAD PATEL) लिखा हुआ है। मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों पर मेरा नाम घनश्याम (GHANSHYAM) पिता दुर्गाप्रसाद (DURGA PRASAD) दर्ज है जो सत्य एवं सही है।

शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यों के लिए मैं अपना नाम घनश्याम कुमार पटेल (GHANSHYAM KUMAR PATEL) पिता दुर्गाप्रसाद पटेल (DURGA PRASAD PATEL) के स्थान पर घनश्याम (GHANSHYAM) पिता दुर्गाप्रसाद (DURGA PRASAD) नाम परिवर्तन करवाना चाहता हूँ, जो भी नियम एवं शर्तें होंगे उसे मैं पूर्ण रूप से पालन करने को तैयार हूँ।

**घनश्याम**
पिता- दुर्गाप्रसाद
वार्ड नं. 10, चिखली, राजनांदगांव




## सार समाचार

### तिलईरवार स्कूल में बालिकाओं को साइकिल वितरण



**राजनांदगांव।** शा.उ.माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में कक्षा 9वीं की पात्र बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। पात्र बालिकाओं का गुलाल टीका लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में हायर सेकंडरी विद्यालय के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी व ग्रामीणजन एवं पालकगणों की उपस्थिति रही। साइकिल वितरण प्रभारी व व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू द्वारा इस निःशुल्क साइकिल वितरण की योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पढ़ेगी बालिका, आगे बढ़ेगी बालिका अर्थात बालिकाओं को शत-प्रतिशत शिक्षा प्राप्त हो सके, कोई भी शिक्षा से वंचित न रहे, सभी स्कूल आए और जीवन में आगे बढ़े। कार्यक्रम में प्राचार्य अशीम कुमार यदु ने भी साइकिल वितरण पर इस योजना के लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम में अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, सरोज भुआर्य, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश नेताम, जितेंद्र कश्यप, पालकराम वर्मा, नोहरदास लिलहारे, हरिश्चंद्र यादव, आशीष मसीह, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर एवं दानेश्वर साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर साहू द्वारा किया गया।

### श्रमिकों को दिया जा रहा 1 लाख रुपए अनुदान

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत हितग्राहियों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना संचालित की जा रही है। इस योजना अंतर्गत स्वयं अथवा परिवार के किसी भी सदस्य के नाम से छत्तीसगढ़ राज्य में किसी भी स्थान पर मकान नहीं होने पर 3 वर्ष से निरंतर पंजीकृत एवं पात्र निर्माण श्रमिकों को स्वयं के भूखंड पर आवास निर्माण, नवीन आवास क्रय के लिए 1 लाख रुपए अनुदान दिया जाता है। योजना का लाभ लेने श्रमेव जयते मोबाइल एप, ऑनलाइन विभागीय पोर्टल, श्रम कार्यालय अथवा किसी भी लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए एक वर्ष की अवधि के भीतर अथवा 90 दिवस कार्य के रूप में कार्य का नियोजक प्रमाण पत्र, भूखंड-शासकीय पट्टा, मान्यता पत्र आबादी, भू-अधिकार पत्र, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, नगर निगम, नगर पालिक, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत से भूमि व्यपवर्तन, भवन अनुज्ञा, पंचायत से अनुशंसा, अनुमति प्रदाय किए जाने संबंधी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, स्वघोषणा प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक के मूलप्रति की आवश्यकता होगी। पति व पत्नी दोनों के मंडल में पंजीकृत हितग्राही होने की स्थिति में योजना के तहत केवल एक ही हितग्राही का आवास के लिए एकमुश्त अनुदान राशि दी जाएगी।

### 3 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** ढोल ग्यारस के उपलक्ष्य में 3 सितंबर को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित करने कहा है। आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग से कहा है कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना वसूल करें। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

### पेंडरी में 4 को सम्मान समारोह



**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी के एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर/आश्रम में आगामी 4 सितंबर को दोपहर 2 बजे से चातुर्मास पर्व अंतर्गत अध्यात्मिक दिव्य सत्संग-प्रवचन भजन-कीर्तन एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम समिति के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू ने दी।

### रवि को किया गया जिला बदर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने भीमनगर वार्ड क्रमांक 9 कालकापारा डोंगरगढ़ निवासी रवि शेंडे को आपराधिक गतिविधियों का अन्य कानूनी प्रावधानों से रोकथाम नहीं होने तथा अपराधिक गतिविधियों से शांति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना को ध्यान में रखते आगामी 6 माह के लिए राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, दुर्ग, बालोद, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी तथा महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया एवं बालाघाट जिला की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया है। रवि शेंडे को एक सप्ताह के भीतर जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं 28 फरवरी 2026 के पहले प्रवेश नहीं करने का निर्देश दिया गया है। आदेश का पालन नहीं करने पर बलपूर्वक जिलों की सीमाओं से बाहर निकाल दिया जाएगा।

### कांग्रेस नेताओं ने पूर्व मंत्री अकबर का किया स्वागत

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के पूर्व प्रभारी मंत्री व पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर के जन्मदिन और उमरा हाजरा से लौटने पर बीते दिनों राजनांदगांव और कवर्धा के कांग्रेस नेताओं ने मुलाकात कर बधाई दी। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री अकबर ने राजनांदगांव और कवर्धा के कांग्रेस नेताओं से राजनांदगांव की सियासी स्थिति को लेकर चर्चा की। साथ ही प्रदेश में संगठन सृजन के तहत पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया को लेकर भी जानकारी ली। राजनांदगांव की सांगठनिक स्थिति पर भी उन्होंने चर्चा की। पूर्व मंत्री अकबर से मुलाकात के दौरान रमेश खंडेलवाल, रवि साहू, घनश्याम साहू, होरी साहू, सीमा अगम अनंत, उत्तरा दिवाकर, अशोक सिंह, चंद्रशेखर साहू, मेहुल सत्यवंशी, सितेश चंद्रवंशी, गोपाल चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी कवर्धा समेत अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी जिला महासचिव युवा कांग्रेस रवि साहू ने दी।



### बप्पा फैंस क्लब का भंडारा आज

**राजनांदगांव।** श्री गणेश महोत्सव पर्व के तहत बप्पा फैंस क्लब भरकापारा के द्वारा दर्शनार्थियों के लिए महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन 3 सितंबर बुधवार को दोपहर 12 बजे से बप्पा फैंस क्लब भरकापारा में आयोजित है। आयोजन समिति ने भक्तों से उक्त भंडारा में श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## पुलिस अधीक्षक ने मोबाइल किया वितरण

# गुम मोबाइलों को खोजकर पुलिस ने धारकों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लोगों के गुम हुए मोबाइलों को खोजकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय केसीजी में एक कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस अधीक्षक द्वारा 80 से अधिक मोबाइल वितरण किया गया।

जिला केसीजी के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अलग-अलग स्थानों से मोबाइल फोन गुम हुआ था। जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला सायबर सेल एवं थानों में मोबाइल धारकों ने शिकायत दिया था। केसीजी टीम द्वारा प्राप्त तकनीकी जानकारी एवं लगातार अथक प्रयास कर दीगर राज्य महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ ही जिला केसीजी के अंदरूनी गांव, शहर, थाना क्षेत्र से आमजन के गुम हुए 80 नग अलग-अलग कंपनी के मोबाइल हैंड सेट कीमती करीब दस लाख रुपए को रिकवर किया गया।



### पुलिस की पहल का लोगों ने जताया आभार

केसीजी टीम ने खबर भेजकर 80 लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल वापस मिलने की जानकारी भेजी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुलवाकर उन्हें उनका मोबाइल सौंप दिया। इनमें से अधिकांश तो यही कह रहे थे कि उन्होंने तो उम्मीद ही छोड़ दी थी कि मोबाइल वापस भी मिल पाएगा। लोगों ने पुलिस अधीक्षक और केसीजी पुलिस का शुक्रिया भी किया। इनमें कुछ ऐसे लोग थे, जिन्होंने गुम होने के बाद दूसरा मोबाइल खरीद लिया, लेकिन कुछ ऐसे भी थे, जिन्होंने मुश्किल से अपना मोबाइल खरीदा था और उसके गुम होने के चार-छह महीने बाद भी पैसे न जुट पाने की वजह से दूसरी मोबाइल खरीद भी न पाए थे। केसीजी पुलिस की अनूठी पहल का सभी ने आभार व्यक्त करते धन्यवाद दिया।

### मोबाइल मिलने से खिले चेहरे

2 सितंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय केसीजी में विशेष कार्यक्रम गुम मोबाइल भेंट आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केसीजी पुलिस द्वारा मोबाइल धारकों को उनके गुम मोबाइल फोन का वितरण किया गया। यदि कोई चीज गुम हो जाती है, तो उसके मिलने की उम्मीद लोग छोड़ देते हैं, लेकिन केसीजी पुलिस की पुलिसिंग और केसीजी टीम की तत्परता से लोगों के खोये हुए मोबाइल सकुशल वापस मिले तो उनके चेहरे भी खिल उठे। पुलिस के प्रति धारणा भी बदली। आज के इस कार्यक्रम से भी कुछ ऐसा ही हुआ।

# सेवा भजनों के साथ एनएचएम कर्मचारियों ने निकाली चुनरी यात्रा




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते 16 दिनों से अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने हड़ताल स्थल से चुनरी यात्रा निकाली और मां पाताल भैरवी मंदिर पहुंचकर माता को चुनरी अर्पण की। इस दौरान एनएचएम कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से प्रार्थना करते सरकार को अपनी मांगे पूरी करने सद्बुद्धि देने कामना व प्रार्थना की।

एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है। सरकार का अपनी मांगों के प्रति ध्यानाकर्षण करने के लिए अलग-अलग तरीकों से कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी बीच आज एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को पूरी करने के लिए चुनरी यात्रा निकालकर मां पाताल भैरवी के दरबार में अर्जी लगाई गई। बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मचारी चुनरी लेकर निकले और मां पाताल भैरवी को चुनरी अर्पण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में सामूहिक प्रार्थना की। एनएचएम कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष किरण गायकवाड़ ने कहा कि उन्होंने माता के दरबार में नियमितीकरण और अपनी अन्य मांगे रखी है। अपनी मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने माता के दरबार में प्रार्थना किया है कि मांगे पूरी करने माता सरकार को सद्बुद्धि दे।

### वादा पूरा नहीं कर रही सरकार

प्रदेश सरकार द्वारा मोदी की गारंटी घोषणा पत्र में एनएचएम कर्मचारियों के लिए किए गए वादों को पूरा करने को लेकर नारेबाजी की गई। वहीं इस दौरान उन्होंने जो हमसे टकराएगा 5 साल पछताएगा के नारे लगा, सरकार को चेतावनी दी।

### निःशुल्क कार्यशाला चार को

**राजनांदगांव।** रेजिंग एण्ड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (आरएएमपी) योजना अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजनांदगांव द्वारा 4 सितंबर को होटल अवाना राजनांदगांव में ई-मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग द्वारा एमएसएमईएस के लिए बाजार विकास विषय पर एक दिवसीय निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में एमएसएमईएस, महिला उद्यमियों, एसएचजी सदस्यों एवं पारंपरिक कारीगरों को ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के माध्यम से अपने उत्पादों की बाजार पहुंच बढ़ाने, विपणन सहायता प्राप्त करने, नेटवर्किंग के अवसर समझने, उत्पादों की दृश्यता में वृद्धि, लॉजिस्टिक्स समर्थन के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम को सुनने महिलाओं में रहा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत जिला पंचायत के सभाकक्ष में दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम जिला पंचायत, सभी जनपद पंचायत मुख्यालयों और सीएलएफ सेंटर में की गई।

दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को शासन की योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। दीदी के गोठ कार्यक्रम में बिहान समूह की आत्मनिर्भर बन चुकी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया।

दीदी के गोठ रेडियो प्रसारण सुनने जनपद पंचायत, संकुल संगठनों एवं ग्राम संगठन स्तर पर बिहान की स्वसहायता समूह सदस्यों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अपने बीच की ही महिला का प्रसारण सुनने हेतु महिलाओं में अलग ही उत्साह नजर आया। स्वयं इस कार्यक्रम को



सुनने की इच्छा जागृत हुई तथा आत्मविश्वास बढ़ा। दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम को सुनने स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम जनपद पंचायत डोंगरगढ़, जनपद पंचायत डोंगरगांव सहित जनपद पंचायत छुरिया में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद पंचायत डोंगरगांव में जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजीता पड़ौती, जनपद सभापति रेशमा साहू, विकासखंड परियोजना अधिकारी देवेन्द्र, क्षेत्रीय समन्वयक चंचल देवी, जनपद पंचायत राजनांदगांव में जनपद सदस्य दुष्यंत धनकर, सीईओ जनपद पंचायत मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में महतारी आजीविका संकुल संगठन की महिलाएं एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### राजा चक्रधर सिंह को सर्वोच्च नागरिक सम्मान की मांग

**राजनांदगांव।** संगीत महाविद्यालय चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र के संस्थापक डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा ने जारी विज्ञप्ति में राजा चक्रधर सिंह को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने की अपील की।



उक्त जानकारी देते संस्था के तुषार सिन्हा ने कहा कि आज से 90 वर्ष पूर्व 20 से 40 के दशकों में जनजातिय वनवासी, आदिवासी राजा चक्रधर सिंह ने मात्र 46 वर्ष की अल्पआयु में ही अपने 23 वर्षों के शासनकाल में साहित्य एवं संगीत नृत्य के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया है। वनवासी आदिवासी राज्य रायगढ़ में 1924 से 1947 तक छत्तीसगढ़ जैसे पिछड़ा वर्ग क्षेत्र में कला संस्कृति व साहित्य की प्रवाह का केन्द्र बिन्दू रायगढ़ दरबार ही रहा है। अपने पिता महाराजा भूपदेव सिंह से कला संस्कृति विरासत में पाकर विलक्षण प्रतिभा के धनी राजा चक्रधर सिंह संगीत और नृत्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वैसे तो यह संगीत की तीनों विद्या गायन, वादन और नृत्य के ज्ञाता थे। उन्होंने संगीत नृत्य और साहित्य को वे अपने इष्टदेव मानते थे और उन्होंने अपने दरबार को मां सरस्वती का पवित्र मंदिर मानते थे और राजा चक्रधर सिंह एक धर्म निरपेक्ष राजा थे और सभी धर्मों का सम्मान किया करते थे। महाराज चक्रधर सिंह संस्कृत, हिन्दी, ब्रज, उर्दू और अंग्रेजी भाषा साहित्य के विद्वान ही नहीं, बल्कि उच्चकोटि के रचनाकार भी थे।

# हर वार्ड में बनेगी समिति, बजरंग दल के विस्तार पर बनी रणनीति

- बजरंग दल की नगर बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) बजरंग दल ने हिंदू समाज को संगठित करने और सनातन धर्म को सशक्त बनाने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर विहिप बजरंग दल जिला कार्यालय में आयोजित बड़ी बैठक में जिलेभर से युवा और वार्ड समिति के पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक में विभाग सह-संयोजक सुनील सेन ने बताया कि बजरंग दल ने हर वार्ड में अपनी समितियां बनाने की योजना बनाई है, ताकि संगठन को हर घर तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि आगामी वार्षिक कार्यक्रमों के आयोजन, गौसेवा और साप्ताहिक मिलन पर चर्चा की गई। जिससे बजरंग दल के कार्यों को विस्तार मिलेगा और समाज में जागरूकता फैलेगी।

बजरंग दल के जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा ने कहा कि हम हर हिंदू परिवार को संगठन से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य तब तक पूरा नहीं होगा, जब



तक हर हिंदू परिवार हमारे संगठन का हिस्सा नहीं बन जाता। इसके अलावा बैठक में यह घोषणा की गई कि विहिप बजरंग दल के दिशा-निर्देशों के अनुसार गणेश उत्सव में झांकी और उत्सव समितियों का सम्मान किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। सभी वार्डों की समितियों की जानकारी एकत्रित होने के बाद जिला कार्यालय में गणेश उत्सव के सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में विहिप विभाग संगठन मंत्री कन्हैया, विभाग मंत्री अनूप श्रीवास, विभाग सह-संयोजक सुनील सेन, विहिप जिला मंत्री त्रिगुण सदानी, जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा, विहिप शहर अध्यक्ष शिव वर्मा, प्रिंस प्रशांत, मोहित यादव, हाथीबेड, अभिषेक शर्मा, भावेश निर्मलकर, गौरव शर्मा, प्रणय मुल्लेवार, अनुज गावरे, यश साहू, दिव्यांश साहू, विनायक गुप्ता, मनोज वर्मा, राजू वर्मा, दीपक देवांगन, दीपक सिन्हा, यश सोनी, पवन बांसफोड, मयंक सिन्हा, नितिन सिंह सोलंकी, संस्कार यादव, गणेश साहू, कोविद यादव, गौरव सिन्हा, सागर यादव, भीष्म साहू, नारायण साहू, टिकेश्वर सेन, सारंग ताम्रकार, विवेक ताम्रकार, विशाल टांडेकर, प्रियांश सिंह सहित बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में वार्डों और नगर की समितियों के विस्तार और आगामी कार्यक्रमों की रणनीतियों पर चर्चा की गई।

## मैदान में खिलाड़ियों की उमड़ी भीड़

# तीन दिवसीय खेल महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ हॉकी के मार्गदर्शन में रुद्राक्षम्-वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पटरीपार क्षेत्र के चिखली स्कूल मैदान में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 29 अगस्त से प्रारंभ यह महोत्सव खेल के साथ-साथ बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक जागरूकता पर भी केंद्रित रहा।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि एएसपी राहुल देव शर्मा, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा और सुनील साहू शामिल हुए। इस अवसर पर हॉकी मैच, 100 मीटर दौड़, रस्सीकूद, भाषण तथा पेंटिंग के विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

महोत्सव के पहले दिन फिटनेस जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। जिसमें चिखली, शंकरपुर, शांतिनगर, ढाबा, स्टेशनपारा और दीनदयाल उपाध्याय वार्ड की गलियों में बच्चों ने फिट रहें स्वस्थ रहें का संदेश दिया। इसी दिन मेजर ध्यानचंद जयंती पर संगोष्ठी भी हुई। इसमें अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, वरिष्ठ खिलाड़ी गोविंद यादव, संतोष साहू और दिग्विजय श्रीवास्तव ने मेजर ध्यानचंद के जीवन और उपलब्धियों पर प्रेरक विचार साझा किया।



इस अवसर पर शांतिनगर, चिखली, शंकरपुर और ढाबा टीम के मध्य मैत्री मैच खेला गया। जिसमें शांतिनगर की टीम विजयी रही। तत्पश्चात खिलाड़ियों को रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम मे आयोजित स्पोर्ट्स इनजूरी, मेंटल हेल्थ, स्पोर्ट्स नुट्रिशन एवं स्पोर्ट्स कैरियर गाइडेंस के राष्ट्रीय सेमिनार के लिए अतिथियों द्वारा झंडा दिखाकर बस से रवाना किया गया। पटरीपार क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए यह प्रथम ऐतिहासिक अवसर है, जब इतनी बड़ी संख्या में एक साथ खिलाड़ियों ने किसी स्पोर्ट्स के सेमिनार में भाग लिया। दूसरे दिन 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता और तीसरे दिन रस्सीकूद, भाषण तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसके साथ ही बच्चों ने साइकिल रैली निकालकर स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दिया।



## खबर संक्षेप

### चारभाठा खुर्द में अखंड नवधा रामायण सम्पन्न विधायक ने की प्रदेशवासियों के मंगल की कामना



**हरिभूमि पांडातराई।** चारभाठा खुर्द में आयोजित अखंड नवधा रामायण के पावन अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने पहुंचकर भगवान श्रीराम व माता सीता की पूजा-अर्चना की और छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली, सुख-समृद्धि व प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भेंटकर उनका हालचाल जाना और क्षेत्रवासियों के साथ जमीन पर बैठकर रामायण कथा का श्रवण किया। विधायक बोहरा ने ग्रामवासियों को इस भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सद्भाव और आस्था की भावना मजबूत होती है। इस कार्यक्रम में प्रदीपपुरी गोस्वामी, बालाराम चंद्रवंशी, दिनेश गुप्ता, नेतराम चंद्रवंशी, शिवसाहय गुप्ता, नितिन चंद्रवंशी, रिखीराम, भोलाराम बिसेन, जयराम, परमेश्वर, इंदल, चंद्रिका, नकुल कपिल, कुमार, विश्वनाथ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### कोयलारी-कला में आयोजित रामधूनी कार्यक्रम में शामिल हुए अश्वनी यदु



**हरिभूमि कोलेगांव।** कोयलारी कला में आयोजित रामधूनी कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। जिसमें बीस से अधिक टोलियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को अब तक का सबसे सफल आयोजन बना दिया, वहीं ग्राम कुकदूर से लेकर बोड़ला लक्षनपुर तक की रामधूनी मंडली शामिल हुए साथ ही साथ आसपास के आए हुए रामधूनी मंडली के द्वारा मनमोहक राम धुन ने मन को गदगद कर दिया। कार्यक्रम के आयोजन समिति के मुखिया प्रांजल सिंह ठाकुर ने आए हुए सभी मंडली का स्वागत करते हुए कहा की यह आयोजन सिर्फ प्रतियोगिता नहीं है, अपितु अपनी संस्कृति को बचाए रखने का सबसे अच्छा जरिया है। हमारी खूबसूरती हमारी संस्कृति हमारे संस्कार है जिसको आने वाले पीढ़ी को अनुसरण कर उसे आगे बढ़ाना होगा। जनपद पंचायत पंडरिया सभापति अश्वनी यदु ने कहा की हमारी संस्कृति हमारे संस्कार का हिस्सा यही सब आयोजन है, ऐसे कार्यक्रम निश्चित रूप से समाज में आपसी भाई-चारा को बढ़ाता है, एक-दूसरे को आपस में जुड़े रहने के लिए हमें ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए। जिसमें जस गीत, रामधूनी, सुवा नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाच महोत्सव जैसे आयोजन समाज को आपस में बांधने का काम करता है, ये आयोजन सिर्फ भक्ति तक ही सिमित नहीं रह जाता अपितु दूर-दराज में रहने वाले हमारे सगा-संबंधियों को भी मिलाने का काम करता है ऐसे आयोजन, धार्मिक अनुष्ठान, यज्ञ आदि कार्यक्रम जब होता है तब प्रकृति भी शानदार रूप दिखाती है। उन्होने कहा की मेरा मानना है आपसी भाई-चारा को बढ़ाने व दो अनजान लोगों को आपस में मिलाने का सबसे अच्छा माध्यम है, धार्मिक हो या संस्कृतिक कार्यक्रम आसपास के सैकड़ों गांव के लोग उपस्थित रहते है ऐसे गांव के लोग आते है जिनका आप नाम तक नहीं सुने होते और आयोजन के समाप्त होते तक हम सभी एक धागे में पिरो लिए जाते है हमारे सम्बन्ध ऐसे हो जाते है जैसे हम बरसों से एक-दूसरे को जान रहें हो। यही खूबसूरती है हमारी संस्कृति का ऐसे आयोजन कराने के लिए कोयलारी कला गांव के समस्त ग्रामवासियों सभी सहयोगियों का हृदय से धन्यवाद वही रामधूनी टोलियों का आभार सदा ऐसे आयोजन होता रहे आज के कार्यक्रम में मुख्यरूप से प्रांजल सिंह ठाकुर, ग्राम पंचायत सरपंच पप्पू यादव, उप सरपंच राजेंद्र चंद्राकर गांव के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### सिंघनपुरी में श्रीसीताराम रामधुनी का आयोजन



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम सिंघनपुरी में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी 24 घंटें का श्रीसीताराम रामधुनी धार्मिक आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान श्री बाल-गोपाल की पूजा-पाठ कर तथा श्रीफल भेंटकर समस्त ग्रामवासियों द्वारा किया गया और भक्तजनों ने भगवान श्रीबाल-गोपाल को झूले मे बैठाकर 24 घंटे तक झूलाते रहे और पूजा पाठ में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वही 24 घंटे का श्रीसीताराम रामधुनी में आसपास क्षेत्र के टोलियों ने रामधुनी आयोजन में पहुंचकर संगीत व मनमोहक ढोलक, झुमका व मंजीरा के माध्यम से श्रीसीताराम श्रीसीताराम का संदेश दिया। जिससे पूरे गांव व आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक एवं भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

### विधिक साक्षरता एवं शपथ ग्रहण आयोजित



**हरिभूमि पंडरिया।** नगर के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय में मंगलवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। व्यवहार न्यायालय पंडरिया के जज आलोक कुमार अग्रवाल और विधिक साक्षरता समिति के सदस्य तथा शाला विकास समिति के अध्यक्ष नवल किशोर पाण्डेय ने विद्यालय के बच्चों को कानून की जानकारियां दी। श्री अग्रवाल ने सड़क सुरक्षा, पास्को एक्ट, गुड-टच बेड-टच आदि कानूनों की जानकारी दी। विद्यालय के साथ ही शासकीय संपत्ति की सुरक्षा के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही संयत व्यवहार करते हुए एक अच्छा नागरिक बनने के लिए आवश्यक गुणों का महत्व बताया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आर साहू के निवेदन पर विद्यालय के कक्षा प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को जज साहब के द्वारा पद और निष्ठा की शपथ दिलाई गई। विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता सर्वश्री एसआर चंद्रवंशी, डीके शर्मा, सीवी जैन और ऋषभ शुक्ला सहित शिक्षक और विद्यार्थी गण उपस्थित थें। विधिक साक्षरता और जज साहब के समक्ष शपथ ग्रहण कार्यक्रम से बच्चे काफी उत्साहित और गौरवान्वित महसूस किए। विद्यालय की ओर से शाला विकास समिति के अध्यक्ष नवल किशोर पाण्डेय द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

---

**आभार:** विधायक ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जताया आभार

# रणवीरपुर में नवीन उप-तहसील का उदित मुनि नाम साहब व भावना बोहरा ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

समृद्ध पंडरिया के निर्माण और क्षेत्रवासियों के जीवनशैली को सरल व सुविधा जनक बनाने के उद्देश्य से ग्राम रणवीरपुर में उप-तहसील कार्यालय का शुभारंभ समरसता भवन में दामखेड़ा कबीर आश्रम के नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहेब एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, भाजपा अधिकारी-पदाधिकारी, कार्यकर्तागण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

विधायक भावना बोहरा ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि रणवीरपुर में उप-तहसील कार्यालय लिंक कोर्ट का शुभारंभ ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। जनता की इस मांग को देखते हुए हमने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष रणवीरपुर में उप-तहसील की मांग की थी जिसे पूरा करते हुए मुख्यमंत्री द्वारा जुलाई माह में आयोजित निःशुल्क बस सेवा शुभारंभ के अवसर पर वर्चुअल इसकी घोषणा कर रणवीरपुर की जनता को यह सौगात दी गई, जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करती हूँ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली डबल इंजन भाजपा सरकार का उद्देश्य जन-कल्याण और अधोसंरचना विकास है। हमारी भाजपा सरकार ग्रामीण अंचलों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई और राजस्व सेवाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्यरत हैं। उप-तहसील भवन के माध्यम से अब क्षेत्रवासियों को अपने राजस्व संबंधी कार्यो के लिए दूर-दराज की तहसीलों में जाना नहीं पड़ेगा। यह कार्यालय जनसुविधाओं के विस्तार, पारदर्शी प्रशासन और त्वरित सेवा उपलब्ध कराने में एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि अब रणवीरपुर में उप-तहसील कार्यालय के शुभारंभ से किसानों व ग्रामीणों को खसरा-खतौनी की नकल, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका सहित विभिन्न राजस्व कार्यो के लिए अब बार-बार तहसील मुख्यालय जाना नहीं पड़ेगा।

जमीन-विवाद जैसे राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निपटान होगा। उप-तहसील कार्यालय के शुभारंभ से किसानों व ग्रामीणों के समय व संसाधन दोनों की बचत भी होगी। भाजपा सरकार की नीति केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीणों की जनभावनाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने का एक ठोस प्रयास है। रणवीरपुर उप-तहसील के शुभारंभ से न केवल प्रशासनिक कार्यो में तेजी आएगी बल्कि आसपास के गांवों के लोग भी अपने अधिकारों और सेवाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे।

**ग्रामीण को भी शहरी क्षेत्रों की तरह सशक्त, शिक्षित व समृद्ध बनाना हमारी प्राथमिकता: विधायक**




विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना और ग्रामीण अंचलों को भी शहरी क्षेत्रों की तरह सशक्त, शिक्षित और समृद्ध बनाना ही हमारी प्राथमिकता है। इस उद्देश्य के लिए मैं निरंतर कार्य कर रही हूँ सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास से आज पंडरिया विधानसभा क्षेत्र विकास की स्वर्णिम गाथा लिख रही है। आप सभी का विश्वास और अपनत्व मुझे सदैव प्राप्त हो रहा है जो मुझे जनसेवा के लिए नित नई ऊर्जा प्रदान कर रही है। आप सभी के उत्साह और उमंग को देखकर मैं कह सकती हूं हम सब मिलकर विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ के साथ समृद्ध पंडरिया का निर्माण करेंगे।

---

## कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रवेली बिजली सब स्टेशन का घेराव किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

जिले के ग्राम रवेली में बिजली सब स्टेशन का एक-दिवसी घेराव कांग्रेस पार्टी द्वारा किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शहर अध्यक्ष अशोक सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष ने संबोधन में जमकर गरजा भारतीय जनता पार्टी के बिजली कटौती के विरोध में आज लगातार बिजली कटौती से ग्रामीण आम नागरिक एवीएन साथ किसान भी परेशान है। इसी संबंध में आज एक दिवसी धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमें बताना लाजिमी है कि आज सरकार द्वारा पर्याप्त मात्रा में बिजली सब स्टेशन से बिजली पर्याप्त मात्रा में पूर्ति नहीं किया जा रहा है, लगातार घंटों तक लाइन कटौती किया जा रहा है, जिससे पूरे छत्तीसगढ़ में बिजली पर्याप्त मात्रा में देने असफल हो रहा है। भाजपा शासन में चारों तरफ किसान परेशान, किसान के चेहरे पर साफ उदासी छाया हुआ है, भारतीय जनता पार्टी के शासन मे लगातार कटौती हो रहा है इसी संबंध में ग्राम रवेली के बिजली सब स्टेशन में एक दिवसीय घेराव कांग्रेस द्वारा किया गया, अगर समय रहते नहीं सुधारा गया तो इससे और बड़ा आंदोलन करने की बात किया गया है। जिसमें उपस्थित जिला अध्यक्ष, अशोक सिंह, गोपाल चंद्रवंशी, तुकाराम चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्राकर एवं कांग्रेस के कांग्रेस कार्यकर्ता गण काफी जनसंख्या में उपस्थित थें।



## कपिल चंद्राकर ने जरूरतमंदों संग मनाया जन्मदिन, साड़ी-साल भेंट कर दी सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के महामंत्री एवं ग्राम पंचायत भगतपुर के युवा सरपंच कपिल चंद्राकर ने अपना जन्मदिन सामाजिक सरोकार के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पंचायत भगतपुर में छोटे-छोटे बच्चों, बुजुर्ग महिलाओं एवं पुरुषों को साड़ी, साल और श्रीफल भेंट कर अपना विशेष दिन जरूरतमंदों के साथ साझा किया। जन्मदिन कार्यक्रम में पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने बड़ी उत्साहपूर्वक भाग लिया और कपिल चंद्राकर को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान सुरेश दुबे, दिनेश चंद्रवंशी, रामप्रसाद चंद्रवंशी, सुरेश चंद्रवंशी, रमेश चंद्राकर, लखन चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, प्रेम साहू, सुखदेव चंद्राकर, नरेंद्र साहू, मुकेश चंद्रवंशी, मनोहर चंद्रवंशी, किशन चंद्राकर, युवराज चंद्राकर, तीरथ चंद्राकर, भागवत साहू, निरंजन साहू, उमेंद चंद्रवंशी, झुमुक साहू, नंदलाल, प्रेम, खिलावन सहित ग्राम पंचायत सचिव उत्तरा कुर्रे एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थें

## पीएम सड़क खम्हरिया-कुंडा रोड खराब, गड्ढों में वाहन आए दिन फंस रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम खम्हरिया से कुंडा जाने वाली सड़क की हालत खराब हो चुकी है। जगह-जगह छोटे बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि रविवार को सड़क की खस्ताहाल स्थिति के कारण एक स्कूल बस वाहन गहरे गड्ढे में धंस गया, जिसके दो पहिए फंस गए।

इसी मार्ग पर एक बाइक सवार भी फिसलकर गिर गया, जिससे वह घायल हो गया। प्रशासन अगर सड़क की मरम्मत करवा दे, तो लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। आज बताना लाजिमी होगा कि सड़कों का बुरा-हाल है जगह-जगह पर गड्ढा नजर आ रहे हैं और शासन प्रशासन मौन धारण बनाए रखे हुए हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि आज यह सड़क में बस का फंसना साबित कर रहा है कि यह सड़क कितना दुखदायक सड़क व जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसी घटना रोजाना दिख रहा है, जर्जर सड़कों पर उसके बाद भी शासन द्वारा किसी प्रकार की गद्दे पर गिट्टी व मुरूमी नहीं डलवाया जा रहा है, मानो की दुर्घटना का इंतजार कर रहे हो। आज प्रधानमंत्री सड़क महली से कुंडा, कोलेगांव से हथमुड़ी, दामापुर से कुंडा, कुंडा सेन्हाभाटा सड़कों का बुरा-हाल है जगह-जगह पर गड्ढे ही गड्ढा नजर रहे हैं। अतः शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द सड़कों का मरम्मत किया जाए ताकि आने-जाने में सुविधा मिल सके।

### ओपन विवि में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पं सुंदर लाल ओपन विवि के पीजी व यूजी पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तारीख 15 अक्टूबर तक है। ऑनलाइन आवेदन विवि की वेबसाइट या विजिट लिंक के माध्यम से कर सकते हे।

### पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के छत्तीसगढ़ प्रभारी स्वामी नरेंद्र देव का आत्मीय स्वागत



**हरिभूमि पंडरिया।** सोमवार को पंडरिया नगर में परम पूज्य रामदेव के परम शिष्य स्वामी नरेंद्र देव का आत्मीय स्वागत किया गया। नगर के सामुदायिक भवन में आयोजित योग एवं उद्बोधन कार्यक्रम में नगरवासी और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। योग मात्र व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मनुष्य के जीवन को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्तर पर संतुलित करने वाला परम विज्ञान है। सात्विक आहार, संयमित विहार, समयबद्ध दिनचर्या और सकारात्मक विचार यही योग का वास्तविक स्वरूप है, योग को अपनाकर व्यक्ति रोगमुक्त, तनावमुक्त और संस्कारयुक्त जीवन जी सकता है, जिस दिन प्रत्येक घर-परिवार योगमय होगा, उसी दिन भारत आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर होगा। पश्चात दोपहर 3 बजे ग्राम धोबघट्टी-पंडरिया में संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर स्वामी नरेंद्र देव की गरिमामय उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में तहसील स्तरीय पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें घोषित पदाधिकारी तहसील पंडरिया संरक्षक नकुल चंद्राकर, पतंजलि योग समिति तहसील प्रभारी रोहित जायसवाल, पतंजलि योग समिति सह प्रभारी देवलाल साहू, भारत स्वाभिमान तहसील प्रभारी दिनेश चंद्रवंशी, गजानन कश्यप, युवा भारत तहसील प्रभारी आशुतोष चंद्रवंशी, युवा भारत सह तहसील प्रभारी किशन चंद्रवंशी, किसान सेवा समिति तहसील प्रभारी परमेश्वर साहू, किसान सेवा समिति सह प्रभारी परदेसी पटेल, महामंत्री भागवत चंद्राकर, संगठन मंत्री नंदकिशोर यादव, कोषाध्यक्ष ऋषिकुमार महरा, सोशल मीडिया तहसील प्रभारी विजय चंदेल (शिक्षक) घोषित किया। स्वामी ने पदाधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पद दायित्व का नाम है, सुविधा का नहीं। संगठन तभी सशक्त होगा जब प्रत्येक कार्यकर्ता योग, आयुर्वेद और स्वदेशी के संदेश को जन-जन तक सात्विकता और निष्ठा के साथ पहुंचाएगा। पूरे आयोजन के दौरान पंडरिया नगर योगमय वातावरण से गुंजायमान रहा।

**जामुनपानी के नन्ही गायिका अमीषा चेचाम ने शानदार प्रस्तुति दी**

## स्वरांजलि संगीत कार्यक्रम से पंडरिया की पहचान बनेगी : भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

नगर मे लगातार तीसरे वर्ष सिम्फनी म्यूजिकल ग्रुप एवं समस्त नगरवासियों के सौजन्य से स्वरांजली 3.0 गीत-गायन कार्यक्रम का शानदार व मनमोहक तथा भव्य आयोजन पंडरिया के सामुदायिक भवन मे छत्तीसगढ़ विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा की उपस्थिति में सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि की आसंदी से श्रीमती भावना बोहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्थानीय विधायक होने के नाते सर्वप्रथम हम सभी कलाकारों का मां महामाया की नगरी पंडरिया में हार्दिक स्वागत है इस विशाल एवं भव्य संगीत कार्यक्रम में करते हैं। इस शानदार संगीत आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान किए। उन्होंने सिंफनी ग्रुप को ऐसे बेहतरीन आयोजन हर वर्ष आयोजित करने व गायक कलाकारों को मंच देते रहने के लिए प्रोत्साहित किए। शिक्षा संस्कृति और संगीत से ही हमारी पहचान है और ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए, किसी भी अच्छे आयोजन की शुरुआत तो हो जाती है, परन्तु हर वर्ष वही कार्यक्रम पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ कर पाना बड़ी बात और चुनौती रहती है। तत्पश्चात पंडरिया वनांचल क्षेत्र ग्राम जामुनपानी से नन्ही गायिका अमीषा चेचाम द्वारा प्रस्तुत मेरे भारत का बच्चा बच्चा गीत तथा अन्य गायकों की सुमधुर प्रस्तुति सुनकर शहरवासी प्रसन्न हो गए और सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सभी संगीत प्रतिभागियों कों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक विकास शुक्ला, संयोजक पवन पाठक, संचालक राजीव श्रीवास्तव, सदस्य नीतू भट्ट आदि कों कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई देते हुए अपने तरफ से हर संभव सहयोग करने की बात कही। इस पूरे कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद पंडरिया एवं उपाध्यक्ष सुमीत तिवारी, मंडल अध्यक्ष रविश सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू शर्मा, श्रीमती रश्मि केसरवानी, प्रसन्न गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, नीलू शर्मा, उमा पाठक, रश्मि श्रीवास्तव, चैतन्य साहू, हमीद खान, निखिल, अक्षिता सहित नगरवासियों का सहयोग रहा।



**खबर संक्षेप**

## कवर्धा में क्रिकेट ट्रायल 07 सितंबर को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार जिला क्रिकेट संघ कवर्धा द्वारा सीनियर एवं अंडर-23 (मेंस) वर्ग के क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल 07 सितंबर 2025 दिन रविवार को आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल चयन प्रक्रिया के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आगामी क्रिकेट प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। संघ के सचिव बलबीर खनूजा ने बताया कि ट्रायल में शामिल होने के लिए सभी खिलाडिय़ों को जिला क्रिकेट संघ के माध्यम से पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा।

# कवर्धा सहित समूचे अंचल में गणेश उत्सव की धूम, भक्ति के रंग में रंगा पूरा अंचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

धर्मनगर कवर्धा सहित समूचे अंचल में गणेश उत्सव पूरे श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। नगर के कोने-कोने में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। चाहे शहर हो या गांव, हर स्थान गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज रहा है। नगर में स्थापित गणेश पंडाल न सिर्फ धार्मिक आस्था के केन्द्र बने हुए हैं, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों का भी प्रमुख हिस्सा बन गए हैं।

कवर्धा नगर की गणेश उत्सव समितियों ने प्रमुख स्थानों पर भव्य और आकर्षक पंडाल बनाए हैं, जहां भगवान गणेश की भव्य, रंग-बिरंगी और विविध रूपों वाली प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। ये प्रतिमाएं श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। कहीं भगवान गणेश का पारंपरिक स्वरूप है, तो कहीं पर्यावरण के संदेश के साथ आधुनिक शैली में गढ़ी गई प्रतिमाएं। सिर्फ सार्वजनिक पंडाल ही नहीं, बल्कि घर-घर में भी गणेश स्थापना की गई है। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में विधिविधान से भगवान गणेश का आगमन कराया है और प्रतिदिन पूजा-अर्चना, आरती और भोग




लगाकर उन्हें प्रसन्न करने में लगे हुए हैं। गांवों में भी उतना ही उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी श्रद्धालु अपनी-अपनी सामर्थ के अनुसार गणेश प्रतिमाएं स्थापित कर भजन-कीर्तन और पूजा का आयोजन कर रहे हैं। इससे पूरे अंचल में एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वातावरण निर्मित हो गया है। हर शाम पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे सब गणेश दर्शन को निकल रहे हैं। कई पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन संध्या, नृत्य, नाटक और प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे बच्चों और युवाओं में भी उत्साह देखने को मिल रहा है।

गणेश उत्सव समितियां साफ-सफाई, सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी सजग हैं। कुछ समितियों ने सामाजिक संदेश जैसे स्वच्छता अपनाएं, प्लास्टिक मुक्त गणेश उत्सव आदि को भी अपने आयोजनों में शामिल किया है। स्थानीय प्रशासन भी इस दौरान मुस्तैद है। नगर पालिका द्वारा साफ-सफाई और बिजली-पानी की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं पुलिस विभाग द्वारा प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है। गणेश उत्सव के इस माहौल ने कवर्धा और आसपास के अंचलों को भक्ति, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता से जोड़ दिया है। अब सबकी नजरें अनंत चतुर्दशी पर होने वाले विसर्जन पर टिकी हैं, जब पूरे उत्साह और भक्ति के साथ भगवान गणेश को विदाई दी जाएगी।

**समस्या:** किसानों को फसल सिंचाई के लिए नहीं मिल रही सुचारू रूप से बिजली

# बारिश की कमी से पीली पड़ रही धान, दरक रहे खेत, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में इन दिनों मौसम किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। खेतों में धान की खड़ी हैं, लेकिन बीते कई दिनों से क्षेत्र में बारिश नहीं होने के कारण फसलें मुरझाने लगी हैं।

बारिश की अनुपलब्धता का सीधा असर धान की फसल पर दिखाई देने लगा है। कई गांवों और इलाकों से किसानों ने शिकायत की है कि फसल पीली पड़ रही है और खेतों में जगह-जगह दरारें पड़ने लगी हैं। जुलाई के अंतिम सप्ताह के बाद से लगातार बारिश की रफ्तार थम गई है, जिससे खेतों में नमी की भारी कमी हो गई है। धान की फसल इस समय पानी की सबसे अधिक मांग करती है, लेकिन वर्षा की अनियमितता ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। स्थिति और भी गंभीर तब हो जाती है जब किसान सिंचाई के वैकल्पिक साधनों का भी उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

जिले के कई हिस्सों में किसानों के पास बोरवेल या पंपसेट तो हैं, लेकिन बिजली की लगातार अनुपलब्धता के कारण वे इन संसाधनों का उपयोग करने में असमर्थ हैं। बिजली की कटौती दिन में कई-कई घंटों तक हो रही है, जिससे खेतों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि अगर आने वाले एक सप्ताह में अच्छी बारिश नहीं हुई, तो धान की फसल पूरी तरह से खराब हो सकती है। इससे न सिर्फ खाद्यान्न उत्पादन पर असर पड़ेगा, बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति भी डगमगा सकती है।

कुछ किसान अब निजी स्तर पर डीजल पंप से सिंचाई करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन डीजल की कीमतें इतनी अधिक हैं कि यह हर किसी के बस की बात नहीं। इसके चलते छोटे और सीमांत किसान सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। किसानों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि बिजली आपूर्ति को सुचारु किया जाए। मौसम विभाग से भी सटीक पूर्वानुमान की मांग की जा रही है, जिससे किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए समय रहते निर्णय ले सकें।

### बिजली समस्या बताने पर एई पर दुर्व्यवहार का आरोप, संघ ने घेरा विद्युत कार्यालय



एक तरफ किसानो को मौसम की मार झेलनी पड़ रही है तो दूसरी तरफ जिले की चरमराई और खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था से त्रस्त किसानो को शिकवा शिकायत करने पर विभाग अधिकारियों का दुरव्यवहार भी झेलना पड़ रहा है। बताया जाता है कि भारतीय किसान संघ बोड़ला, कुण्डा, पंडरिया द्वारा बोड़ला एई सुनील कंवर पर किसानों से गलत व्यवहार करने एवं लिखित शिकवा शिकायत के बाद भी किसानों का ट्रांसफार्मर 24 से 25 दिनो तक नहीं बदले जाने का आरोप लगाते हुए सहायक अभियंता कार्यालय बोड़ला का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया और एई से अपने गलत व्यवहार के लिए किसानो से माफी मांगे जाने की मांग की। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि किसानो के इस घेराव के बाद एई श्री कंवर ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए ग्राम रैतापारा, पलानसरी डोंगरिया का ट्रांसफार्मर तत्काल लगवाया गया। वहीं किसानो ने जिले में व्याप्त विद्युत समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग को लेकर अधीक्षण अभियंता (वृत्त) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड कवर्धा, जिला कबीरधाम के नाम विभाग को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें भारतीय किसान संघ ने मुख्य रूप से एई बोड़ला सुनील कंवर द्वारा किसानों के प्रति व्यवहार में सुधार किए जाने, जिले में खराब हुए कृषि पंपों के ट्रांसफार्मरों को तीन दिवस के भीतर बदले जाने तथा जिले में स्थित विद्युत उपकेन्द्रों पर बढ़ते लोड को देखते हुए, आवश्यकतानुसार पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाए जाने की मांग की है ताकि विद्युत आपूर्ति निर्बाध एवं संतुलित

# विभन्न निर्माण कार्यों के लिए 1 करोड़ 23 लाख 50 हजार की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने कबीरधाम जिले के प्रवास के दौरान ग्राम बदराडीह बाघूटोला, खुर्सीपार, जैताटोला में आयोजित रामधुनी कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामवासियों के साथ भजन-कीर्तन में भाग लेकर भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जिले तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश के विकास, समृद्धि, खुशहाली और क्षेत्रवासियों की प्रगति के लिए भगवान राम से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि रामधुनी जैसे धार्मिक आयोजन समाज को एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा जैताटोला और ग्राम प्रभाटोला सतनाम धुनी, सतनाम झूला कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्हानें बाबा गुरूघासी दास से आर्शीवाद प्राप्त किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों की मांग पर विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए 01 करोड़ 23 लाख 50 हजार रूपए की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बदराडीह में सामुदायिक भवन भोयरा मरार पटेल समाज के लिए 20 लाख, सीसी रोड़ निर्माण के 7 लाख, बाघूटोला में सामुदायिक भवन के 6.50 लाख, जैताटोला में मंगल भवन के लिए 7.50 लाख, समुदायिक भवन के लिए 7.50 लाख, मुक्तिधाम शेड के लिए 4 लाख, मुक्तिधाम में प्रतीक्षालय निर्माण के लिए 4 लाख, ग्राम प्रभाटोला में सीसी रोड, मुक्तिधाम शेड, रिटर्निंग वाल और नाली सहित अलग अलग निर्माण कार्य के लिए 67 लाख रूपए की घोषणा की। विकास कार्यो की सौगात मिलने पर ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री के प्रति ह्दय से आभार प्रकट किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव में विकास की नई गाथा लिख रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार और किसान कल्याण जैसे क्षेत्रों में लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रगति तभी संभव है जब समाज के सभी वर्गों को समान अवसर मिले और धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। उपस्थित ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, गोपाल साहू सहित जनप्रतिनिधि ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिजई सतनाम धुनी का भव्य आयोजन



**बिजई।** विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजई में सतनाम समाज के अनुयायियों के द्वारा दो दिवसीय सतनाम धुनी का धार्मिक आयोजन धूमधाम व हर्षोल्लास से किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ बाबा गुरु घासीदास के सत्य अहिंसा के प्रतीक जोड़ा जैतखाम और गुरु गद्दी में पूजा पाठ आरती उतार कर किया गया। जिसमें समाज के भंडारी साटीदार एवं सतनाम समाज के अनुयायियों, ग्रामवासी उपस्थित थे। इस दौरान ग्राम बिजई सहित आसपास के पंथी टोलियों ने पहुंचकर सतनाम धुनी में सतनाम-सतनाम का संदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि बाबा गुरु घासीदास के उपदेश एवं संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास सतनाम धुनी के आयोजन के अंतर्गत दो दिनों तक किया गया। गांव में सतनाम धुनी आयोजन होने से धार्मिकमय व सामाजिक एकता और समाज में एकरूपता जागरूकता का माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में सतनाम समाज के अनुयायियों ने इस कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

# समस्याओं को लेकर नेउरगांव कला के ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, ज्ञापन व चेतावनी देने पहुंचे एसडीएम दफ्तर

- सड़कों में गड्ढे, स्कूल में लापरवाह प्रधान पाठक, निर्माण कार्यो में भारी अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला



बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम नेउरगांव कला में जर्जर सड़कों, शिक्षा में लापरवाही और निर्माण कार्यों में गड़बड़ी से त्रस्त ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने 50 से अधिक ग्रामीण पहुंचे और समस्याओं का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

ग्रामीणों ने कहा कि गांव की मुख्य सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। हादसे आम हो गए हैं, बच्चे स्कूल जाते समय घायल हो रहे हैं वहीं किसानो को भी फसल परिवहन करने तथा वाहनो को लाने ले जाने में भारी समस्याओं के साथ नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी प्रकार ग्रामीणों ने गांव के प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वे वर्षों से नियमित रूप से स्कूल नहीं आते और बच्चों को पढ़ाने की बजाय केवल हस्ताक्षर कर चले जाते हैं। इससे शिक्षा का स्तर बुरी तरह गिर चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में शासन द्वारा ग्रामीणों की सुविधा व उपयोग के लिए स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण में संबंधित कार्य ऐजेंसी व उसके ठेकेदार द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

ऐसे ही गुणपवत्ता विहीन निर्माण कार्य के चलते गांव के उचित मूल्य की दुकान भवन में सीपेज जैसी समस्या उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों इन तमाम समस्याओं के समाधान की मांग की है साथ ही चेतावनी दी है कि अगर एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने मजबूर होंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

**बिजनेस प्लस**

## बाल्को मेडिकल सेंटर रायपुर द्वारा रक्त एवं कैंसर रोग ओपीडी कल कवर्धा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




नया रायपुर स्थित अत्यधिक कैंसर अस्पताल बाल्को मेडिकल सेंटर द्वारा गुरुवार 4 सितंबर को बिलासपुर रोड में मिनीमाता चौक मैं स्थित प रि हा र हॉस्पिटल में रक्त एवं कैंसर रोग ओपीडी आयोजित की जा रही है।

जिसमें बालको मेडिकल सेंटर के रक्त रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीलेश जैन अपनी सेवाएं देंगे। ओपीडी का समय का समय दोपहर 1.00 से 3.00 तक निर्धारित किया गया है साथ ही भारतमाता चौक में स्थित साईं संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में डॉ दिब्येंदु प्रातः 10.00 बजे से 1.00 बजे तक अपनी सेवाएं देंगे।

इस रक्त एवं कैंसर रोग ओपीडी में जिन भी मरीज को खून की कमी, सिकल सेल एनीमिया की समस्या, शरीर के किसी भी हिस्से से रक्त स्त्राव, बार-बार ब्लड लगना, शरीर में लाल दाने अथवा चक्कर आना, बार-बार बुखार का आना, शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ का होना, बिना प्रयास के वजन कम होना, लगातार थकान व कमजोरी, रक्त संबंध कैंसर एवं रक्त एवं कैंसर रोग की अन्य समस्या हो वे मरीज अपना अग्रिम पंजीयन करा कर इस ओपीडी का लाभ ले सकते हैं ।

**जिले में मेडिकल कॉलेज की राह हुई आसान, जिला अस्पताल की सेवाएं लगातार बेहतर**

# मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने और कबीरधाम जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले में स्वीकृत नए मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति एवं राज्य शासन द्वारा मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए मिल रही सभी स्वीकृत और प्रगति सहित जिला अस्पताल की सेवाओं के विस्तार पर विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि जिला अस्पताल कवर्धा की क्षमता 100 बिस्तरों से बढ़ाकर 220 बिस्तरों तक की जा रही है, ताकि 50 एमबीबीएस सीटों के लिए आवश्यक एनएमसी मानकों को पूरा किया जा सके। वर्तमान में 170 बिस्तरों की सुविधा है, जिसे शीघ्र ही 220 तक अपग्रेड किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के लिए 40 एकड़ भूमि आवंटित की गई है और 306 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो गई है और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। अगले सत्र से मेडिकल कॉलेज की शुरुआत हो जाएगी, इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। कलेक्टर श्री वर्मा ने पत्रकारों के सभी सवालों का जवाब दिए एवं जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुधार के लिए मिले सुझाव पर अमल लाने के लिए आश्वासन भी दिए। कलेक्टर ने शिकायतों की जांच कराने के लिए कहा। पत्रकार वार्ता में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र तुर्रे एवं सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव एवं डीपीएम श्रीमती अनुपमा तिवारी उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। जिसके परिणाममूलक जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2024-25 में औसतन 478 मरीज प्रतिदिन ओपीडी में आ रहे थे, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 563 हो गए हैं।

# साइबर सेल ने लौटाए करीब 50 लाख कीमत के 230 गुम मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम पुलिस ने तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए आम नागरिकों की उम्मीदों को मुस्कान में बदल दिया है। आप मन के मुस्कान हमन के पुरस्कार अभियान के तहत पुलिस की साइबर सेल ने 230 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटा दिए। बरामद मोबाइल की कुल अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपए है। यह उपलब्धि पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मिली, जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल, पंकज पटेल और उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर ने अभियान को दिशा दी। जिले के थाने, चौकियां और साइबर सेल की टीम ने निरंतर प्रयास से मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर बरामदगी की। मोबाइल वापसी कार्यक्रम में डीएसपी संजय ध्रुव, प्रतीक चतुर्वेदी, आशीष शुक्ला, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान और पूरी टीम मौजूद रही। साइबर सेल टीम में एएसआई चंद्रकांत तिवारी एवं आरक्षक आकाश राजपूत, मनीष कुमार, शिवम मंडावी, अजय ठाकुर, उपेंद्र सिंह और विकास श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कबीरधाम पुलिस हर नागरिक की मुस्कान को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मानती है। मोबाइल लौटाना सिर्फ संपत्ति की बरामदगी नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को मजबूत करने का प्रयास है। साइबर सेल ने नागरिकों से अपील की है कि यदि मोबाइल गुम हो तो तुरंत थाने या साइबर सेल से संपर्क करें और पोर्टल पर मोबाइल का नंबर दर्ज करें। जितनी जल्दी शिकायत दर्ज होगी, मोबाइल मिलने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और पुलिस-जन सहयोग को नई दिशा देगा। जिन लोगों ने आज अपने मोबाइल प्राप्त नहीं किए हैं, वे साइबर सेल कार्यालय, एकता चौक, कवर्धा से अपना मोबाइल वापस ले सकते हैं।




## सार समाचार

### तिलईरवार स्कूल में बालिकाओं को साइकिल वितरण



**राजनांदगांव**। शा.उ.माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में कक्षा 9वीं की पात्र बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। पात्र बालिकाओं का गुलाल टीका लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में हायर सेकंडरी विद्यालय के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी व ग्रामीणजन एवं पालकगणों की उपस्थिति रही। साइकिल वितरण प्रभारी व व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू द्वारा इस निःशुल्क साइकिल वितरण की योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पढ़ेगी बालिका, आगे बढ़ेगी बालिका अर्थात बालिकाओं को शत-प्रतिशत शिक्षा प्राप्त हो सके, कोई भी शिक्षा से वंचित न रहे, सभी स्कूल आए और जीवन में आगे बढ़े। कार्यक्रम में प्राचार्य अशीम कुमार यदु ने भी साइकिल वितरण पर इस योजना के लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम में अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, सरोज भुआर्य, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश नेताम, जितेंद्र कश्यप, पालकराम वर्मा, नोहरदास लिलहारे, हरिश्चंद्र यादव, आशीष मसीह, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर एवं दानेश्वर साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर साहू द्वारा किया गया।

### श्रमिकों को दिया जा रहा 1 लाख रुपए अनुदान

**राजनांदगांव**। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत हितग्राहियों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना संचालित की जा रही है। इस योजना अंतर्गत स्वयं अथवा परिवार के किसी भी सदस्य के नाम से छत्तीसगढ़ राज्य में किसी भी स्थान पर मकान नहीं होने पर 3 वर्ष से निरंतर पंजीकृत एवं पात्र निर्माण श्रमिकों को स्वयं के भूखंड पर आवास निर्माण, नवीन आवास क्रय के लिए 1 लाख रुपए अनुदान दिया जाता है। योजना का लाभ लेने श्रमेव जयते मोबाइल एप, ऑनलाइन विभागीय पोर्टल, श्रम कार्यालय अथवा किसी भी लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए एक वर्ष की अवधि के भीतर अथवा 90 दिवस कार्य के रूप में कार्य का नियोजक प्रमाण पत्र, भूखंड-शासकीय पट्टा, मान्यता पत्र आबादी, भू-अधिकार पत्र, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, नगर निगम, नगर पालिक, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत से भूमि व्यपवर्तन, भवन अनुज्ञा, पंचायत से अनुशंसा, अनुमति प्रदाय किए जाने संबंधी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, स्वघोषणा प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक के मूलप्रति की आवश्यकता होगी। पति व पत्नी दोनों के मंडल में पंजीकृत हितग्राही होने की स्थिति में योजना के तहत केवल एक ही हितग्राही का आवास के लिए एकमुश्त अनुदान राशि दी जाएगी।

### 3 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव**। ढोल ग्यारस के उपलक्ष्य में 3 सितंबर को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित करने कहा है। आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग से कहा है कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना वसूल करें। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

### पेंडरी में 4 को सम्मान समारोह



**राजनांदगांव**। सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी के एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर/आश्रम में आगामी 4 सितंबर को दोपहर 2 बजे से चातुर्मास पर्व अंतर्गत अध्यात्मिक दिव्य सत्संग-प्रवचन भजन-कीर्तन एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम समिति के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू ने दी।

### रवि को किया गया जिला बदर

**राजनांदगांव**। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने भीमनगर वार्ड क्रमांक 9 कालकापारा डोंगरगढ़ निवासी रवि शेंडे को आपराधिक गतिविधियों का अन्य कानूनी प्रावधानों से रोकथाम नहीं होने तथा अपराधिक गतिविधियों से शांति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना को ध्यान में रखते आगामी 6 माह के लिए राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, दुर्ग, बालोद, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी तथा महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया एवं बालाघाट जिला की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया है। रवि शेंडे को एक सप्ताह के भीतर जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं 28 फरवरी 2026 के पहले प्रवेश नहीं करने का निर्देश दिया गया है। आदेश का पालन नहीं करने पर बलपूर्वक जिलों की सीमाओं से बाहर निकाल दिया जाएगा।

### कांग्रेस नेताओं ने पूर्व मंत्री अकबर का किया स्वागत

**राजनांदगांव**। राजनांदगांव के पूर्व प्रभारी मंत्री व पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर के जन्मदिन और उमरा हाजरा से लौटने पर बीते दिनों राजनांदगांव



और कवर्धा के कांग्रेस नेताओं ने मुलाकात कर बधाई दी। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री अकबर ने राजनांदगांव और कवर्धा के कांग्रेस नेताओं से राजनांदगांव की सियासी स्थिति को लेकर चर्चा की। साथ ही प्रदेश में संगठन सृजन के तहत पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया को लेकर भी जानकारी ली। राजनांदगांव की सांगठनिक स्थिति पर भी उन्होंने चर्चा की। पूर्व मंत्री अकबर से मुलाकात के दौरान रमेश खंडेलवाल, रवि साहू, घनश्याम साहू, होरी साहू, सीमा अगम अनंत, उत्तरा दिवाकर, अशोक सिंह, चंद्रशेखर साहू, मेहुल सत्यवंशी, सितेश चंद्रवंशी, गोपाल चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी कवर्धा समेत अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी जिला महासचिव युवा कांग्रेस रवि साहू ने दी।

### बप्पा फैंस क्लब का भंडारा आज

**राजनांदगांव**। श्री गणेश महोत्सव पर्व के तहत बप्पा फैंस क्लब भरकापारा के द्वारा दर्शनार्थियों के लिए महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन 3 सितंबर बुधवार को दोपहर 12 बजे से बप्पा फैंस क्लब भरकापारा में आयोजित है। आयोजन समिति ने भक्तों से उक्त भंडारा में श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## पुलिस अधीक्षक ने मोबाइल किया वितरण

# गुम मोबाइलों को खोजकर पुलिस ने धारकों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लोगों के गुम हुए मोबाइलों को खोजकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय केसीजी में एक कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस अधीक्षक द्वारा 80 से अधिक मोबाइल वितरण किया गया।

जिला केसीजी के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अलग-अलग स्थानों से मोबाइल फोन गुम हुआ था। जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला सायबर सेल एवं थानों में मोबाइल धारकों ने शिकायत दिया था। केसीजी टीम द्वारा प्राप्त तकनीकी जानकारी एवं लगातार अथक प्रयास कर दीगर राज्य महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ ही जिला केसीजी के अंदरूनी गांव, शहर, थाना क्षेत्र से आमजन के गुम हुए 80 नग अलग-अलग कंपनी के मोबाइल हैंड सेट कीमती करीब दस लाख रुपए को रिकवर किया गया।



### पुलिस की पहल का लोगों ने जताया आभार

केसीजी टीम ने खबर भेजकर 80 लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल वापस मिलने की जानकारी भेजी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुलवाकर उन्हें उनका मोबाइल सौंप दिया। इनमें से अधिकांश तो यही कह रहे थे कि उन्होंने तो उम्मीद ही छोड़ दी थी कि मोबाइल वापस भी मिल पाएगा। लोगों ने पुलिस अधीक्षक और केसीजी पुलिस का शुक्रिया भी किया। इनमें कुछ ऐसे लोग थे, जिन्होंने गुम होने के बाद दूसरा मोबाइल खरीद लिया, लेकिन कुछ ऐसे भी थे, जिन्होंने मुश्किल से अपना मोबाइल खरीदा था और उसके गुम होने के चार-छह महीने बाद भी पैसे न जुट पाने की वजह से दूसरी मोबाइल खरीद भी न पाए थे। केसीजी पुलिस की अनूठी पहल का सभी ने आभार व्यक्त करते धन्यवाद दिया।

### मोबाइल मिलने से खिले चेहरे

2 सितंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय केसीजी में विशेष कार्यक्रम गुम मोबाइल भेंट आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केसीजी पुलिस द्वारा मोबाइल धारकों को उनके गुम मोबाइल फोन का वितरण किया गया। यदि कोई चीज गुम हो जाती है, तो उसके मिलने की उम्मीद लोग छोड़ देते हैं, लेकिन केसीजी पुलिस की पुलिसिंग और केसीजी टीम की तत्परता से लोगों के खोये हुए मोबाइल सकुशल वापस मिले तो उनके चेहरे भी खिल उठे। पुलिस के प्रति धारणा भी बदली। आज के इस कार्यक्रम से भी कुछ ऐसा ही हुआ।

### निःशुल्क कार्यशाला चार को

**राजनांदगांव**। रेजिंग एण्ड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (आरएएमपी) योजना अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजनांदगांव द्वारा 4 सितंबर को होटल अवाना राजनांदगांव में ई-मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग द्वारा एमएसएमईएस के लिए बाजार विकास विषय पर एक दिवसीय निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में एमएसएमईएस, महिला उद्यमियों, एसएचजी सदस्यों एवं पारंपरिक कारीगरों को ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के माध्यम से अपने उत्पादों की बाजार पहुंच बढ़ाने, विपणन सहायता प्राप्त करने, नेटवर्किंग के अवसर समझने, उत्पादों की दृश्यता में वृद्धि, लॉजिस्टिक्स समर्थन के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# सेवा भजनों के साथ एनएचएम कर्मचारियों ने निकाली चुनरी यात्रा




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते 16 दिनों से अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने हड़ताल स्थल से चुनरी यात्रा निकाली और मां पाताल भैरवी मंदिर पहुंचकर माता को चुनरी अर्पण की। इस दौरान एनएचएम कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से प्रार्थना करते सरकार को अपनी मांगे पूरी करने सद्बुद्धि देने कामना व प्रार्थना की।

एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है। सरकार का अपनी मांगों के प्रति ध्यानाकर्षण करने के लिए अलग-अलग तरीकों से कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी बीच आज एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को पूरी करने के लिए चुनरी यात्रा निकालकर मां पाताल भैरवी के दरबार में अर्जी लगाई गई। बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मचारी चुनरी लेकर निकले और मां पाताल भैरवी को चुनरी अर्पण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में सामूहिक प्रार्थना की। एनएचएम कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष किरण गायकवाड़ ने कहा कि उन्होंने माता के दरबार में नियमितीकरण और अपनी अन्य मांगे रखी है। अपनी मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने माता के दरबार में प्रार्थना किया है कि मांगे पूरी करने माता सरकार को सद्बुद्धि दे।

### वादा पूरा नहीं कर रही सरकार

प्रदेश सरकार द्वारा मोदी की गारंटी घोषणा पत्र में एनएचएम कर्मचारियों के लिए किए गए वादों को पूरा करने को लेकर नारेबाजी की गई। वहीं इस दौरान उन्होंने जो हमसे टकराएगा 5 साल पछताएगा के नारे लगा, सरकार को चेतावनी दी।

# दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम को सुनने महिलाओं में रहा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत जिला पंचायत के सभाकक्ष में दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम जिला पंचायत, सभी जनपद पंचायत मुख्यालयों और सीएलएफ सेंटर में की गई।

दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को शासन की योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। दीदी के गोठ कार्यक्रम में बिहान समूह की आत्मनिर्भर बन चुकी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया।

दीदी के गोठ रेडियो प्रसारण सुनने जनपद पंचायत, संकुल संगठनों एवं ग्राम संगठन स्तर पर बिहान की स्वसहायता समूह सदस्यों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अपने बीच की ही महिला का प्रसारण सुनने हेतु महिलाओं में अलग ही उत्साह नजर आया। स्वयं इस कार्यक्रम को



सुनने की इच्छा जागृत हुई तथा आत्मविश्वास बढ़ा। दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम को सुनने स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम जनपद पंचायत डोंगरगढ़, जनपद पंचायत डोंगरगांव सहित जनपद पंचायत छुरिया में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद पंचायत डोंगरगांव में जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजीता पड़ौती, जनपद सभापति रेशमा साहू, विकासखंड परियोजना अधिकारी देवेन्द्र, क्षेत्रीय समन्वयक चंचल देवी, जनपद पंचायत राजनांदगांव में जनपद सदस्य दुष्यंत धनकर, सीईओ जनपद पंचायत मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में महतारी आजीविका संकुल संगठन की महिलाएं एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

